वर्ष-10, अंक-177
इन्दौर, मंगलवार
24 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। –चाणक्य



इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

# आयुष्मान भारत योजना जरूरतमंदों के लिए संजीवनी से कम नहीं: मुख्यमंत्री

**भोपाल , राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वस्थ नागरिकों से समृद्ध राष्ट्र निर्माण के लिए प्रारंभ की गई ऐतिहासिक आयुष्मान भारत योजना के सफल क्रिन्यान्वयन के 6 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश के सभी नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत 6 वर्ष में देश के गरीब नागरिकों को बड़ी और गंभीर बीमारियों से उबरने और निरोग रहने की जो शक्ति मिली है, वो किसी संजीवनी से कम नहीं है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में लगभग 4 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। प्रदेश के एक करोड़ 8 लाख परिवारों को योजना का लाभ मिल रहा है। अब तक 45 लाख प्रकरणों में उपचार सहायता भी दी जा चुकी है। मध्यप्रदेश योजना के क्रियान्वयन में अग्रणी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के लाखों परिवारों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त किया है।

### योजना में जुड़ते नए आयाम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों को इस उपयोगी योजना का वृहद स्तर पर लाभ दिलवाया है। देश के करोड़ों हितग्राहियों को लाभान्वित कर चुकी इस योजना का लाभ अब 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भी मिलेगा। आयुष्मान भारत - जन आरोग्य योजना के माध्यम से लाभान्वित होने वाले व्यक्तियों का दायरा बढ़ रहा है। अब इस महत्वपूर्ण योजना में नया आयाम जुड़ रहा है, जिसके लिए बुजुर्ग जन अपना आशीर्वाद भी प्रधानमंत्री को दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस योजना के संचालन से असंख्य परिवारों को बीमारियों के इलाज पर होने वाले बड़े खर्च से भी बचाया जा सका है। ऐसे लाभान्वित परिवार मोदी जी के आभारी रहेंगे। राज्य सरकार का संकल्प है कि मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक नागरिकों को अवश्यकता होने पर योजना का लाभ प्राप्त हो।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर और देवालयों में यथायोग्य प्रबंधन के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि धार्मिक भावनाओं और परम्पराओं के अनुरूप आने वाले नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के आयोजन के लिए समुचित प्रबंध किये जाये। प्रदेश के सभी देवालय एवं मंदिरों में यथायोग्य प्रबंधन करने जिला प्रशासन सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का दशहरा और भी आनंदमयी होगा, क्योंकि अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की स्थापना के बाद यह पहला दशहरा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्राद्ध पक्ष की समाप्ति के बाद आगामी 3 अक्टूबर से नवरात्रि का पर्व आरंभ होने जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार की सरकार और हमारी सरकार के माध्यम से प्रारंभ कार्यों के साथ हम धूमधाम से नवरात्रि का पर्व मनाएंगे।

---

**नितिन गडकरी बोले– बीजेपी की**

## चौथी बार सरकार बनने की गारंटी नहीं

**मुंबई (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को नागपुर में एक कार्यक्रम में कहा– केंद्र में भाजपा चौथी बार सरकार बनाए इसकी कोई गारंटी नहीं है। लेकिन हमारे सहयोगी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (RPI) के चीफ रामदास अठावले अगली सरकार में मंत्री जरूर बनेंगे।



गडकरी जब यह बोल रहे थे, तब अठावले भी मंच पर मौजूद थे। हालांकि, गडकरी ने मुस्कुराते हुए कहा, मैं केवल मजाक कर रहा था। दरअसल, कार्यक्रम अठावले को सम्मानित करने के लिए था। गडकरी ने उन्हें बाबा साहेब अंबेडकर पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान अठावले ने अपने भाषण में कहा था कि उन्हें अब तक 3 बार केंद्र में मंत्री पद मिला है और सरकार आने पर वह चौथी बार भी मंत्री बनेंगे। इस पर गडकरी ने कहा- अठावले मौसम वैज्ञानिक हैं। अठावले संसद में अपने मजाकिया अंदाज में बोलने के लिए चर्चा में रहते हैं। गडकरी बोले- अठावले ने दलितों के लिए अपना जीवन लगा दिया गडकरी ने कहा कि मैं रामदास अठावले को दिल से शुभकामनाएं देता हूं। उन्हें बेहतर जीवन और स्वस्थ जीवन मिलना चाहिए। मैं आप सभी की ओर से यह प्रार्थना करता हूं। मेरा मानना है कि उन्होंने दलितों और पीड़ित लोगों के लिए अपना जीवन लगा दिया।

### राष्ट्रपति का अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप 2028 में राष्ट्रपति चुनाव की रेस में भाग नहीं लेंगे। एक कार्यक्रम के दौरान उनसे पूछा गया कि अगर वे 2024 का चुनाव हार जाते हैं, तो क्या वे 2028 में फिर से चुनाव लड़ेंगे। इसके जवाब में ट्रंप ने कहा, नहीं, मुझे नहीं लगता। अब बस हो गया। आशा है कि इस बार सफल होंगे। यह बयान ट्रंप के राजनीतिक भविष्य को लेकर कई अटकलें पैदा कर रहा है, खासकर उनके समर्थकों के बीच, जो उनकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी को लेकर हमेशा उत्साहित रहते हैं। ट्रंप पहले भी अपने चुनावी अभियानों की जल्दी घोषणा के लिए जाने जाते हैं, जैसे उन्होंने 2017 में ही 2020 चुनाव के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी थी।

## मोदी के आत्मविश्वास में कमी आई: राहुल

**जो विपक्ष कराना चाहता है, कराता है; भाजपा भाई-भाई को लड़वाती है**

**श्रीनगर (एजेंसी)।** सुरनकोट में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन के उम्मीदवार शाहनवाज चौधरी के लिए वोट की अपील करने के बाद राहुल श्रीनगर के शाल्टेंग निर्वाचन क्षेत्र में भी रैली करेंगे। यहां वे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा के लिए समर्थन मांगेंगे।



जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे फेज के लिए प्रचार अभियान 23 सितंबर को खत्म हो रहा है। राज्य में 25 सितंबर को 26 सीटों के लिए वोटिंग होगी। जम्मू क्षेत्र के राजौरी और पुंछ के अलावा कश्मीर क्षेत्र के श्रीनगर, बडगाम और गांदरबल जिलों में मतदान होगा। 90 सीटों में 32 सीटों पर कांग्रेस, 51 पर हृष्ट चुनाव लड़ रही जम्मू-कश्मीर में तीन फेज में चुनाव हो रहे हैं। पहले फेज में 18 सितंबर को वोटिंग हो चुकी है। दूसरे फेज में 25 सितंबर और आखिरी फेज में 1 अक्टूबर को वोटिंग होगी। 8 अक्टूबर को मतगणना होगी। कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने गठबंधन किया है। 90 सीटों में से 51 पर हृष्ट और 32 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। 5 सीटों पर फ्रेंडली फाइट होगी। 2 सीटें छ्क्ढ्ढ (रू) और पेंथर्स पार्टी को मिली हैं। कांग्रेस ने 40 स्टार प्रचारकों का नाम तय किया है। इनमें मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया और प्रियंका का नाम भी शामिल है। भाजपा 90 में से 62 सीटों पर चुनाव लड़ रही भाजपा ने जम्मू-कश्मीर की 90 में से 62 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। जम्मू संभाग की सभी 43 सीटों पर भाजपा ने प्रत्याशी उतारे हैं। पार्टी कश्मीर में 47 में से 19 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। बची हुई 28 सीटों पर भाजपा निर्दलीय उम्मीदवारों को समर्थन करेगी। राहुल गांधी ने 4 सितंबर को रामबन और अनंतनाग में दो चुनावी रैलियों के साथ कांग्रेस के चुनाव अभियान की शुरुआत की थी। राहुल ने कहा- जम्मू-कश्मीर से स्टेटहुड छीना गया।

---

### श्रीलंका का नया राष्ट्रपति चीन का दोस्त

**कोलंबो (एजेंसी)।** नेशनल पीपुल्स पावर के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके राष्ट्रपति चुनाव जीत चुके हैं और अब वो श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। खास बात यह है कि दिसानायके चीन के खास दोस्त माने जाते रहे हैं। यही नहीं उन्हें भारत का मुखर विरोधी माना जाता हैं। उन्होंने कई मौकों पर अपने बयान में भारत विरोधी बातें बोली हैं। अब ऐसे में श्रीलंका भारत या चीन किसे ज्यादा तवज्जोह देगा यह देखने वाली बात होगी। यहां बताते चलें कि साल 1980 के श्रीलंका के गृह युद्ध में भारत-श्रीलंका शांति समझौते के जरिए भारत के हस्तक्षेप का अनुरा कुमारा दिसानायके ने विरोध किया था। साथ ही भारत के श्रीलंका में लिट्टे से निपटने के लिए पीसकीपिंग फोर्स का भी उन्होंने विरोध किया था।

## तिरुपति प्रसादम की जांच करेगी एसआईटी, मंदिर का हो रहा शुद्धिकरण

**अमरावती (एजेंसी)।** तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में जानवरों की चर्बी का मामला पूरे देश में तूल पकड़ चुका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने इसकी जांच के लिए अब स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन कर दिया है। सरकार ने जिस एसआईटी का गठन किया है, उसकी निगरानी आईजी या इसके ऊपर के स्तर के अधिकारी करेंगे।



एसआईटी सभी कारणों की जांच करेगी, जिसमें सत्ता का गलत इस्तेमाल भी शामिल है। जांच के बाद रिपोर्ट सरकार को सौंपी जाएगी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का कहना है कि सरकार इसे लेकर सख्त कदम उठाएगी, जिससे लड्डू में मिलावट जैसी घटनाएं दोबारा ना हों। वही सीएम के आदेश के मुताबिक अपवित्रता को ठीक करने के लिए तिरुमाला में सोमवार को शांति होम पंचगव्य प्रोक्षण यानी की होम का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के शुद्धिकरण के लिए हो रहे इस होम का आयोजन श्रीवारी (श्री वेंकटेश्वर) मंदिर में बंगारू बावी (स्वर्ण कुआं) यज्ञशाला (अनुष्ठान स्थल) में किया जा रहा है। राज्य के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया है कि नियमों के मुताबिक घी सप्लायर्स के पास कम से कम 3 साल का अनुभव होना चाहिए। हालांकि, जगन मोहन रेड्डी के सत्ता संभालने के बाद इसे

### काबुल में पुलिस ने किया 27 नशा तस्करों को गिरफ्तार

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की मादक पदार्थ निरोधक पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी काबुल में मादक पदार्थों की तस्करी और खरीदारी के मद्देनजर 27 लोगों को गिरफ्तार किया है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि तस्करों को काबुल के आसपास चलाए गए मादक पदार्थ निरोधक अभियानों के दौरान गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान हशीश और टैबलेट, पश्चिमी देशों में निर्मित ड्रग सहित ड्रग्स की खेप जब्त की गयी है।

### ईरान में भूकंप के झटकों में 28 लोग घायल

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान के पूर्वी प्रांत उत्तरी खुरासान के बोजनुर्द काउंटी में रविवार को आए भूकंप के तीव्र झटकों के कारण कम से कम 28 लोग घायल हो गए।

**शिवसेना विधायक भरत गोगावले के सनसनीखेज बयान से**

## महाराष्ट्र की राजनीति गरमाई

**मुंबई, (एजेंसी)।** शिवसेना (शिंदे) विधायक भरत गोगावले के सनसनीखेज बयान ने महाराष्ट्र की राजनीति को एक बार फिर गर्मा दिया है। खासकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना का अंदरूनी विवाद खुलकर सामने आ गया है। दरअसल शिवसेना विधायक भरत गोगवले ने दावा किया कि विधायक की धमकी के कारण उन्हें मंत्री पद नहीं मिला। गोगावले ने यह भी दावा किया कि कुछ विधायकों ने यह कहकर ब्लैकमेल किया कि अगर उन्हें मंत्री पद नहीं मिला तो उनकी पत्नी आत्महत्या कर लेंगी। शिवसेना विधायक भरत गोगावले ने यह कहकर सनसनीखेज धमाका कर दिया कि, एक विधायक ने उनसे कह दिया कि अगर आपको मंत्री पद मिला तो मैं तुरंत इस्तीफा दे दूंगा। ऐसा कहते हुए उस विधायक ने मुझे धमकी दी, इसके चलते उन्हें मंत्री पद नहीं मिला। अब उस विधायक को मुख्यमंत्री ने सिडको का अध्यक्ष बनाया है। बता दें कि मुंबई से सटे अंबरनाथ में आयोजित एक कार्यक्रम में भाषण देते हुए गोगावले ने बिना नाम लिए शिवसेना विधायक संजय शिरसाट पर निशाना साधा। विधायक भरत गोगावले कहते हैं कि मुख्यमंत्री ने मुझे एसटी निगम के अध्यक्ष का पद दिया है और मैं इससे संतुष्ट हूं। मैंने कभी कुछ नहीं मांगा। लेकिन जब मुझे मंत्री पद देने का समय आया और मुख्यमंत्री ने मुझसे पूछा तो हमारे एक विधायक ने कहा, अगर आपको मंत्री पद मिल रहा है तो मैं तुरंत इस्तीफा दे दूंगा, इसीलिए मुझे मंत्री पद छोड़ना पड़ा। आज उसी विधायक को मुख्यमंत्री ने सिडको का अध्यक्ष बना दिया है। इस दौरान विधायक गोगावले ने बिना नाम लिए सिडको के चेयरमैन बने शिवसेना विधायक संजय शिरसाट पर निशाना साधा।




---

**मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को पलटा**

**सुप्रीम कोर्ट ने बाल पोर्नोग्राफी पर दिया ऐतिहासिक फैसला**

## बाल यौन शोषण सामग्री देखना और संग्रहीत करना अपराध

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के शीर्षस्थ न्यायालय ने हाल ही में बाल यौन शोषण सामग्री (बाल पोर्नोग्राफी) को देखने और संग्रहीत करने के संबंध में एक महत्वपूर्ण निर्णय दिया है।

इस फैसले में, कोर्ट ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को पलटा, जिसमें कहा गया था कि व्यक्तिगत उपयोग के लिए बाल पोर्नोग्राफी देखना या डाउनलोड करना अपराध नहीं है। यह निर्णय यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत कानूनों को और सख्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यक्ति का इरादा बाल पोर्नोग्राफी को साझा करने या व्यावसायिक लाभ के लिए उपयोग करने का है, तो यह पॉक्सो अधिनियम की धारा 15 के तहत अपराध माना जाएगा। इस धारा के तहत तीन अलग-



अलग उपधाराएँ हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि इंटरनेट पर बाल यौन शोषण सामग्री को देखने का कार्य, बिना भौतिक रूप से उसे डाउनलोड किए भी, कब्जा माना जाएगा, बशर्ते कि व्यक्ति ने उस सामग्री पर नियंत्रण स्थापित किया हो। अदालत ने बाल पोर्नोग्राफी शब्द की निंदा की और सुझाव दिया कि इसे बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री के रूप में संदर्भित किया जाए। यह परिवर्तन इस मुद्दे की गंभीरता को समझने में मदद करेगा। इस निर्णय के माध्यम से, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के संरक्षण के लिए भारत की न्याय प्रणाली कितनी संवेदनशील है। यह निर्णय न केवल कानून को मजबूत बनाता है, बल्कि समाज में बाल यौन शोषण के खिलाफ एक मजबूत संदेश भी देता है। यह अदालती निर्णय उन सभी के लिए एक चेतावनी है जो इस प्रकार के अपराधों में लिप्त हैं कि ऐसे कृत्यों को सहन नहीं किया जाएगा।

## संपादकीय

# संविदा और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का सरकारी शोषण ?



पिछले कई दशकों से सरकार खाली पदों को नहीं भर रही है। रिक्त पदों को भरने के स्थान पर स्वीकृत पदों की कटौती कर रही हैं। सेवा निवृत्ति कर्मचारी के स्थान पर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में संविदा के आधार पर ठेकेदारी प्रथा पर बड़ी संख्या में कर्मचारियों को रखा जा रहा है। कई सालों से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी काम कर रहे हैं। उन्हें नियमित नहीं किया गया। उन्हें बहुत कम वेतन दिया जाता है। सरकारी कमर्चारियों की तरह उन्हें कोई सुविधा भी नहीं मिलती है। दैनिक वेतन भोगियों और संविदा कर्मचारी की नौकरी सुरक्षित नहीं है। दो दशक पहले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी सरकारी विभागों में रिश्वत देकर नौकरी पाते थे। परिवार वालों को लगता था, एक बार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में नियुक्ति हो गई। आगे चलकर वह नियमित कर्मचारी हो जाएंगे। दो दशक से ज्यादा हो गए, अभी तक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित नहीं किया गया। सरकारें, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को दरकिनार कर देती हैं। पिछले कुछ वर्षों में केंद्रीय स्तर पर तथा राज्यों के स्तर पर बड़े पैमाने पर संविदा नियुक्ति की जा रही है। सरकारी विभागों में कार्यालयों के काम ठेके पर दिए जा रहे हैं। ठेकेदार संविदा में कर्मचारियों की नियुक्ति करते हैं। सरकार जो पैसा कर्मचारियों के लिए ठेकेदार को भुगतान करती है, उससे 30 से 40 फ़ीसदी कम पैसा ठेकेदारों द्वारा संविदा कर्मचारियों को भुगतान किया जाता है। देश भर के सभी राज्यों में लाखों लोग संविदा नियुक्त पर काम कर रहे हैं। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की संख्या भी प्रत्येक राज्य में लाखों में है। राज्य सरकारों और नगरीय निकायों और राज्य सरकारों के पद कई वर्षों से खाली पड़े हुए हैं। सरकार उन्हें कर्मचारियों को नियमित करके नहीं भर रही है। कई वर्षों से भर्ती प्रक्रिया भी बंद है। सारी सरकारी सेवाएं गड़बड़ाती चली जा रही हैं। नगरीय निकाय, कलेक्टर कार्यालय, संभागीय कार्यालय, मंत्रालय, संचालनालय, तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय सब जगह पर संविदा कर्मचारी काम कर रहे हैं। इसका खामियाजा आम आदमी और सरकार दोनों को ही भुगतना पड़ रहा है। राजस्व विभाग में जमीन के रिकॉर्ड का काम संविदा के कर्मचारी देख रहे हैं। परिवहन विभाग के लाइसेंस संविदा कर्मचारी बना रहे हैं। मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों की सुविधा भी संविदा कर्मचारियों के भरोसे है। कंप्यूटर में राजस्व रिकॉर्ड में बड़े पैमाने पर हेरा-फेरी किए जाने के समाचार रोजाना मिल रहे हैं।



## चिंतन-मनन

# वाणी का शरीर पर प्रभाव

प्रसन्नता से होता है शरीर पुष्ट एवं प्रोध से होती है हानी मानव शरीर में अनेक ग्रंथियां होती हैं,पियूष ग्रंथि मस्तिष्क में होती है, उससे 12 प्रकार के रस निकलते है, जो भावनाओं से विशेष प्रभावित होती हैं। जब व्यक्ति प्रसन्नचित होता है, तो इन ग्रनथियों से विशेष प्रकार के रस बहने लगते है, जिससे शरीर पुष्ट होने लगता है, बुद्धि विकसित होती है, रक्त गति सामान्य रहती है। जब मनुष्य अधिक बोलता है, तो रक्त की गति अनावश्यक प्रभावित होती है। जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है,खून के थक्के बनने लगते है । इसी प्रकार प्रोध अधिक करने से खून का बहाव कम हो जाता है, खून जमने की शक्ति बढ़ जाने से मृत्यू भी संभव है। अपने जीवन में ज्यादा बोलना अभिशाप हो सकता है। अधिक बोलने से पाचन क्रिया पर गलत प्रभाव पड़ता है, शरीर की अधिक शक्ति खर्च होती है, पेट की माँसपेशियां खिचने लगती है, पाचन रस ग्रंथियों से नही निकलता, शरीर में विटामिन, खनिज तत्व एवं हार्मोन्स की कमी हो जाती हैं। शरीर रोगी हो जाता है, मानसिक दुर्बलता आ जाती है, स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है, याददाश्त कमजोर हो जाती है, अतत्वाणी का प्रभाव शरीर पर पड़ता है। हर प्राणी को अपना जीवन झूठा, बनावटी, जोर जोर से बोलने बाला ना बना कर शांत चित बनाना चाहिए ।

## कहानी

# मन की गांठे





निर्मला मूंदड़ा

ट्रिन ट्रिन मोबाइल बज रहा था। पता नहीं आज सुबह से कितने मिस कॉल इस नंबर से थे। अनजाना नंबर था। इसीलिए मैंने फोन नहीं उठाया था। फिर से फोन बजा इस बार मैंने सोचा उठा ही लूं। पता नहीं कौन ,मुझे परेशान करना चाह रहा है!! घंटी बजते ही फोन उठाया थोड़ी कड़कती आवाज में - बोलिए कौन है आप? और बेवजह बार-बार मुझे फोन करके क्यों परेशान करना चाह रहे हो? उधर से एक जोरदार ठहाका लगा। अरे मेरी जान! मैं तुम्हें परेशान कर रही हूं ! अरे अरे!! सुनो यह क्या बात है? और मैं तुम्हारी जान कब से हो गई! चुपचाप बताओ फोन करके क्यों परेशान कर रही हो । कौन हो तुम? मैं पुलिस में शिकायत कर दूंगी इस नंबर की। अरे बस बस! बहुत हुआ इतना उपदेश नहीं, पिंकी में रिंकी हूं। क्या? मैं आसमान से गिरी। लेकिन ,तुझे मेरा नंबर कहां से मिला। मैं खुशी के मारे दोहरी हुई जा रही थी। अरे सुन , तेरे शहर में एक सेमिनार अटेंड करने आई हूं तो जुगाड़ करके तेरा नंबर कहीं से कबाड़ लिया। अच्छा सुन, हम कहां मिल सकते हैं? अरे ,घर आजा यहां आकर और कहां मिलेंगे ?मेरी खुशी का कोई पारावर नहीं था ।बचपन की सहेली से मैं बात कर रही थी। तुझे मेरे घर आना पड़ेगा। नहीं नहीं ऐसी जगह मिलेंगे जहां हम दोनों के अलावा कोई तीसरा ना हो। सुन तू कब तक है यहां पर? परसों तक,आज शाम किसी होटल में हम दोनों सहेलियां मिलेंगे ।बचपन की यादें ताजा करेंगे। ठीक है!! और जो बातों का सिलसिला चला तो रुकने का कोई नाम ही नहीं ।वह समझ ही नहीं पाई की कहां जाकर रुकेगा। पिंकी, तू बहुत ही उदास नजर आ रही है ,क्या बात है ? बचपन की कुछ यादें इतनी कड़वी है ,जो मुझे झिंझोड़ कर रख देती है। कभी-कभी जब खाली बैठती हूं तो वह यादें मेरा पीछा ही नहीं छोड़ती है ।और ऐसी बातें मैं किसी को बता भी नहीं सकती। ना ही किसी से शेयर कर सकती हूं। उस वक्त कुछ समझती नहीं थी। हां रिंकी आज समझ रही हूं वह सच में कड़वी याद के साथ मेरी पहली गलती थी।

ऐसा क्या था!! तब हम चार भाई बहन थे सभी पढ़ते थे । मैं जब छोटी थी तो पड़ोसी, जिन्हें हम सब भैया बुलाते थे और मम्मी भी उन्हें अपना बेटा ही मानती थी। हम सब बच्चे उनसे पढ़ने जाते थे । समय सबका अलग-अलग होता था । स्कूल से आने के बाद सब अपने समय से उनसे पढ़ते थे। मैंने कई बार मम्मी को मना किया कि मैं भैया से पढ़ने नहीं जाऊंगी। लेकिन मम्मी थी ,कि मानती ही नहीं ।भैया है, कैसे नहीं पढ़ोगी? पढ़ना जरूरी है ।और मम्मी पापा मुझे वहां पढ़ने भेज देते थे। उन दिनों आज की तरह गुड टच और बेड टच कोई नहीं समझाता था। वह भैया धीरे-धीरे मुझसे बदतमीजी करने लगे । मैंने मां को बहुत मना किया ,मैं भैया से पढ़ने नहीं जाऊंगी । परंतु मां और पापा ने मेरी बात नहीं मानी और मुझे लगातार पढ़ने भेजते रहे। मैं यह समझ रही थी की भैया जो कर रहे हैं ,वह गलत है। वह गलत तरीके से मुझे छूते थे । परंतु में मम्मी पापा को यह बात नहीं बता पाई । शायद उस जमाने में ऐसी बातों को छुपाया जाता था । क्या यह मेरी गलती और गुनाह नहीं था ? वह तो अच्छा हुआ कि वह मकान खाली करके चले गए और मैं बच गई । आज सोचती हूं उन्होंने सिर्फ मुझे गलत नजरों से देखा था । लेकिन वह मुझे मां को बताना था ,क्योंकि बचपन होने पर भी मुझे यह समझ थी कि यह गलत है । परंतु में मां को बताने की हिम्मत नहीं कर पाई। मैंने मां से यह बात छुपाई थी क्योंकि भैया ने कहा था किसी को बताना मत और मैंने छुपाया। आज लगता है , मैने उनका कहना क्यों माना ? आज पहली बार तुझसे बात कर मन हल्का कर रही हू। आज सोचती हूं मम्मी पापा को क्यों नहीं बता पाई ?

शायद वह कोई डिसीजन ले लेते। मैने उनसे छुपाया यह मेरी गलती और गुनाह दोनों हैं। दूसरा गुनाह ससुराल में जितने भी लोग थे उनका कहा आंख मूंद कर मान लिया । चाहे वह गलत हो उनका विरोध नहीं कर पाई । चाहे पति हो ,चाहे सास हो ,चाहे देवर हो सबका कहा आंख मूंद कर और सर झुका कर मान लिया । उनकी सभी इच्छाओं का सम्मान किया अपने मन को मार लिया। क्या मेरी इच्छाएं कोई मायने नहीं रखती ?मैं तो सभी के हाथ का एक खिलौना और फिरकनी बन गई थी । जो जैसा चाहता वैसा ही मुझे करना पड़ता । मेरे पढ़े लिखे होने का कोई फायदा नहीं निकला। ऐसी पढ़ाई का क्या फायदा? मेरी आंखों से आंसू बह निकले चुप रह पिंकी ! !रिंकी ने उसे समझाया। जो हुआ उसे भूलती क्यों नहीं ? जो गुजर गया उसे भूल जा ,आज तो तू अपनी जिंदगी बहुत अच्छे से जी रही है ना? अब मलाल क्यों।

पता नहीं ! यह सब एहसास बार-बार परेशान करते हैं कि मैं कहां गलत थी और विरोध क्यों नहीं कर पाई ? देख पिंकी ,जो हुआ उसे बुरा सपना समझ कर भूल जा। क्योंकि मन ही मन घुटने से कोई फायदा नहीं है। और यदि तू नहीं बता पाई तो इसमें तेरी गलती नहीं है। तू तो बच्ची थी जो कहा वह माना । नासमझ थी ,जो अच्छा बुरा समझता ही नहीं । वह क्या समझेगा कि क्या बताना और क्या नहीं बताना? तेरे साथ जो भी हुआ जब समझेंगे ही नहीं तो वह गुनाह कैसा ? अच्छा, मैं तो बचपन की यादें और अपनी ही बातें लेकर बैठ गई। तू अपनी जिंदगी के बारे में कुछ बता। पिंकी ने पूछा । बड़े मजे से कट रही है। जिंदगी ,मैंने शादी की परंतु भाई नहीं होने से मां हमारे ही साथ है। बेटा बाहर है, अमेरिका में। कभी-कभी आता है और हम दोनों भी जॉब करते हैं। और तेरे बच्चे रिंकी। पिंकी ने पूछा । दो बेटे और एक बेटी ।पति का जाब है। दोनों बेटे का भी अच्छा जॉब है । बेटी की शादी कर दी दोनों बेटे बाहर ही रहते हैं, यहां मैं और पति रहते हैं । सब कुछ मस्त है जिंदगी मजे से कट रही है। क्या कहूं ,आज मन में बड़ा हल्का पन महसूस हो रहा है पिंकी जो गुजर गया उसे अब किसी के सामने शेयर मत करना और बुरा सपना समझकर भूल जा ,क्योंकि तेरे साथ कुछ गलत नहीं हुआ था। क्योंकि गुड टच और बेड टच अब बच्चों को समझाया जाता है ,हमारे जमाने में तो ऐसा कुछ भी नहीं था । और मां-बाप भी इन चीजों पर ध्यान नहीं देते थे ,बस हमें ही चुप रहने की हिदायत दे देते थे। इसलिए हम कहीं पर गलत नहीं है ,तो यह मत सोच कि यह तेरी गलती है । क्योंकि गलत तो तेरे साथ हुआ ही नहीं । जो भी हुआ उसे बुरा सपना समझकर भूल जा ,यही जिंदगी की कड़वी सच्चाई है ।

और दूसरी बात जब हम नासमझ होते हैं तो हमें सभी परेशान करते हैं । उस वक्त उनका जमाना था अतः कोई बात नहीं है, सब बर्दाश्त कर लिया ठीक है । आज तो अपनी जिंदगी बड़े मजे से जी रहे हैं हमें किसी से कोई शिकवा भी नहीं है। जिंदगी है अच्छा बुरा चलता ही रहता है। और सुन तेरे साथ कुछ गलत तो हुआ ही नहीं। दोनों सहेलियां आपस में लिपटकर विदा ले रही थी, दोनों की आंखों में खुशी के आंसू थे और मन में बहुत ही हल्कापन था ।बचपन के यादें साझा कर दोनों बहुत खुश थी।

# कुछ हुआ क्या ?

## कहानी





ज्ञानदेव मुकेश
न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी
पटना-800013

मैं बस में लोहरदगा जा रहा था। सभी सीटें भरी हुई थीं। किसी दूसरे बस के दो स्टाफ एक जगह पर बैठकर आपस में हँसी-ठट्ठा कर रहे थे। बस में बड़ा ही आनन्द का वातावरण था। तभी वे दोनों किसी बात पर आपस में तू-तू-मैं-मैं करने लगे। बात बढ़ती गई और गाली-गलौज का दौर शुरू हो गया। बीच-बचाव हुआ। मगर बात बनी नहीं और अन्ततः उनमें लात - मुक्के चलने लगे। बड़ी मुश्किल से उन्हें छुड़ाया गया और उन्हें दो अलग-अलग जगहों पर बिठाया गया । बस के आनन्द का वातावरण बेहद तनाव में बदल गया। सभी यात्री चुप और गम्भीर थे।

बस एक घंटे तक लगातार चलती रही। तब तक कुडू बस स्टैण्ड आ गया । बस वहाँ रुकी। कंडक्टर ने कहा, बस दस मिनट रुकेगी। जिसे चाय-पानी लेना हो, ले ले। कई लोग नीचे उतर गए। मुझे चाय की तलब नहीं थी । अतः मैं बस में बैठा रहा। बस लगभग खाली हो चुकी थी। वे दोनों अपने-अपने स्थान पर चुपचाप बैठे थे। तभी उनमें एक उठा और दूसरे के पास गया। उसने दूसरे के कंधे पर हाथ रखा और कहा, चल ना ! होलऊ तो । कोचि मुँह बनईले हे ? चल, चल, चाय पीए चल! उसकी वाणी की शीतलता से दूसरा थोड़ा आश्चर्य और थोड़ी प्रसन्नता से उसे देखने लगा। उसने कहा, तू हू ना, ऐसे ही करे हे ।

चल ना, तनी तनी बात के पकड़ल मत कर । चल! ! पहले की वाणी और भी मीठी हो गई थी। वाणी की मिठास से दूसरे की कटुता अब पूरी तरह धुल गई थी । वे एक-दूसरे के कमर में हाथ डालकर चाय की दुकान पर आ गए। चाय और नमकीन का ऑर्डर हुआ । चाय आ गई तो वे चाय सुड़कने लगे और हँस-हँस कर बातें करने लगे। वहाँ खड़े यात्रियों ने यह अद्भुत दृश्य देखा तो वे आश्चर्य में डूब गए। थोड़ी देर में बस चल पड़ी। उनका प्रेमालाप जारी था। बस का आनन्द लौट आया था, मानो अभी-अभी कुछ हुआ ही न हो।

## कहानी

# आत्मा की तृप्ति

हरिलाल जी का श्राद्धकर्म पूरे विधि-विधान से हो रहा था। घर में सर्वत्र चहल-पहल थी। तोशक, तकिया, पलंग, चादर आदि काफी सामान दान हेतु सजे हुए थे। पंडितजी के माध्यम से पिता तक पहुंचाने के लिए उनके आगे खीर, हलवा, पूरी सहित अनेक व्यंजन भी परोसे गए थे।

भंडारे के लिए बने हुए पकवानों से अच्छी खुश्बू आ रही थी। श्राद्ध कार्यक्रम में आए हुए रिश्तेदारों के साथ-साथ पास-पड़ोस के लोग भी मोहन बाबू के पितृ-प्रेम की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे थे। मोहन बाबू अपने पिता की आत्मा को तृप्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते थे। माँ पार्वती देवी सब कुछ देख रही थीं।

कमरे की दीवार पर लगे हरिलाल जी की तस्वीर की ओर देखकर उनके चेहरे पर व्यंग्यात्मक हंसी उभर आई, कहने लगीं- जीवन भर तुम्हारी यही शिकायत रही न कि बेटे ने कभी ढंग से खाना नहीं दिया। देख लो, आज इन पकवानों को तुम तक पहुंचाने के लिए वह कितना कुछ कर रहा है। भूली-बिसरी यादें ताजा हो गई।

अचानक पार्वती देवी ने शिकायत के अंदाज में कहा- तुम्हें याद है कि खाने के बाद तुम अपनी थाली में मेरे लिए भी छोड़ देते थे। कहते थे कि इससे पति-पत्नी के बीच प्यार बढ़ता है। आज भी कुछ छोड़ देना, सूखी रोटियां नमक के साथ नहीं निगल पाती हूँ।

**-विनोद प्रसाद, सरस्वती विहार, अम्बेडकर पथ, पो.-**

# खत और दस्तखत



## व्यंग्य
### वक्रासन



बच्चू लाल परमानंद दीक्षित
ग्वालियर

महिला साक्षरता व नारी सशक्तीकरण पर लेख लिखने के लिए कलम उठाई ही थी कि अध्ययन कक्ष की घंटी बजने से ध्यान हटा और दरवाजे पर निगाह मारी, चकित इसलिए अभी तक कोई स्टडी रूम तक नहीं आया, जो आया है ,खास होना चाहिए।मंगू ! तुम बैठक छोड़कर यहां कोई खास बात पंचायत चुनाव घोषित जिसमें हमारी पंचायत की सरपंच सीट महिला प्रत्याशी के लिए आरक्षित है, बहू से सरपंची कराना है। परंतु ! परंतु क्या काला अक्षर भैंस बराबर। प्रजातंत्र में पढ़े लिखे की क्या जरूरत,तुम हो तो,जीत के आओ ,अक्ल साथ में पीछे पीछे चली आएगी मारे खुशी के हांपते दौड़ा दौड़ा आया, चरणों में धौंक देते हुए लिपट कर बोला, भाग्यवान एक बोट से विजयी घोषित, देखा तो जीत की खुशी में सिर उठाए मंगू की विजयी सरपंच शेरनी की चाल से सीधे अंदर काकी के पास। जिले के सरपंचों का परिचय सम्मेलन कलेक्टर द्वारा आयोजित , क्या करूं मास्टरजी बैठकों में सरपंच पति के रूप में तुम्हें बैठने का हक है अर्धनारीश्वर की तरह ठीक मास्टरजी, खादी का कुर्ता धोती कंधे पर अंगवस्त्र डाल कर जाऊंगा बैठक से लौट कर सीधा गुनगुनाते हुए आकर चरणों को धौंक देकर सीना ताने कुर्सी पर विराजमान पूछने के पहले ही सम्मेलन का आंखों देखा हाल वर्णित कर बोला,शुरू में ही सरपंच धन्वंतरि मंगू सिंह,जी हां !

मंगू सिंह पटेल भूतपूर्व सरपंच,एक वोट से विजयी सरपंच पति,सुनते ही क मीटिंग हॉल में हंसी का ठहाका। एक महिला सरपंच को छोड़कर पूरे हॉल में विजयी महिला सरपंचों के सरपंच पति बिराजमान का नजारा सही व सच्चे प्रजातंत्र की गवाही। कोई खास घटना नव निर्वाचित सरपंचों के उद्बोधन की बारी आई तो उस एकल उपस्थित महिला सरपंच के खड़े होने पर परिहास स्वरूप तालियों के शोर के बीच शासन, प्रशासन को ललकारते हुए ,जगत में नारी है महान कहने वालों धिक्कार है तुम्हें, तुम्हारे पुरुषत्व को जिन्होने प्रजातंत्र की प्रथम इकाई निर्वाचित नारी शक्ति को घर की चारदीवारी में केद कर सरपंच पति बनने का दम्भ भर कर बेशर्मी से प्रजातंत्र का मखौल उड़ा रहे हैं। मैं आज और अभी खत और दस्तखत के विरोध में नारीशक्ति के जागरण का शंखनाद करते हुए सरपंच पद त्यागने की घोषणा करती हूं सुन ,हॉल में सन्नाटा। बेशर्मी से मुंह लटकाए अधिकारी कर्मचारी सरपंच पतियों के उपस्थित पंजी में हस्ताक्षर कराने लगे मैंने भी बैठक की उपस्थिति पंजिका में ठप्पे से धन्वंतरि के कॉलम में हस्ताक्षर टिकाए जो इतने सुन्दर लगे मानों दस्तखत के अंदर धन्वंतरि की आत्मा विराजमान हो मंगू !आज दशकों वर्ष की आजादी के बाद भी महिलाओं प्रति दासता का , अपमान का ,अबला सिद्ध करने के इस घृणित कृत्य के साथ नारी सशक्तिकरण का दम्भ भरने वाले राजनैतिक आकाओं व उनके सरकारी सिपहसालारों की घृणित मानसिकता की पुष्टि हुई जो निंदनीय ही नहीं वल्कि डेमोक्रेसी प्रति अघोषित अपराध है मास्टरजी पंचायती राज में जिस स्तर पर महिला प्रधान है वहीं केवल पतियों का राज नहीं अपितु सरकारी मत्रालयों में तो इससे भी बुरा हाल है जहां सीनियर आईएएस अधिकारी प्रशासक होते हुए भी मंत्राणी पति ही घोषित मंत्री की भूमिका में हैं इस सबका निष्कर्ष है मंगू, यदि नारी को स्वतंत्र भारत में जनतंत्र के साया में जीना है तो क्रांतिकारी कदम उठाना होगा भलेही शुरूआत तेरे घरसे ही हो जिसका साथ देने सबसे पहले तुम्हे आना होगा,यही प्रकृति की नीयत भी है। तभी खत और दस्तखत से मुक्ति सम्भव !





# भिक्षावृत्ति करते 10 महिलाएं एवं चार बच्चों को रेस्क्यू कर सेवा धाम में कराया प्रवेशित

## भिक्षावृत्ति मुक्त इन्दौर अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है सतत कार्रवाई

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशानुसार भिक्षावृत्ति मुक्त इन्दौर अभियान के तहत जिला प्रशासन की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को इंदौर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भिक्षा मांगने वालों के विरूद्ध रेस्क्यू की कार्रवाई की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री रामनिवास बुधौलिया एवं उपायुक्त नगर निगम श्रीमती लता अग्रवाल के निर्देशन में जिला प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा आज अन्नपूर्णा मंदिर और चौराहे से 10 महिलाएं एवं चार बच्चों को भिक्षावृत्ति करते हुए रेस्क्यू कर इन्हें उज्जैन के सेवा धाम में प्रवेशित कराया गया। जिला प्रशासन की टीम द्वारा भिक्षा मांगने वाले और भिक्षा देने वाले, दोनों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। आज श्री सतीश गंगराडे, श्री दिनेश मिश्रा एवं अन्य टीम सदस्यों द्वारा रेस्क्यू की कार्रवाई की गई। बताया गया कि इस तरह की कार्यवाहियां लगातार जारी रहेंगी।

## माहवारी अपशिष्ट प्रबंधन पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**इंदौर , राष्ट्रीय जनभावना।** स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत इंदौर जिले में 17 सितम्बर से लगातार जनसहभागिता आधारित विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सम्पूर्ण स्वच्छता की दृष्टि से महिलाओं में माहवारी के दौरान मेन्सट्रुअल हाईजीन मैनेजमेंट (स्वारू) एक महत्वपूर्ण विषय है। ÷महिलाओं में माहवारी अपशिष्ट प्रबंधन, मेन्सट्रुअल हाईजीन मैनेजमेंट (स्वारू) '' विषय पर आज जनपद पंचायत सांवेर के ग्राम पंचायत टोडी में महिला स्वसहायता समूह के क्लस्टर स्तर फेडरेशन की लगभग 140 महिलाओं के साथ प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित स्वसहायता समूहों की महिलाओं को माहवारी के समय रखी जाने वाली आवश्यक सावधानी एवं अपशिष्ट को सही तरीके से निपटान के बारे में जागरूक किया गया। स्वसहायता समूहों की महिलाओं को गांव में घर-घर से कचरा संग्रहण, सेग्रीगेशन के बारे में भी अवगत कराया गया। स्वसहायता समूह की महिलाओं ने प्रशिक्षण में सक्रिय होकर भाग लिया। प्रशिक्षण के पश्चात सभी महिलाओं ने स्वच्छता की शपथ ली एवं परिसर में श्रमदान के माध्यम से सफाई की गई।

## जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत स्वच्छता आधारित विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं संचालित



**इंदौर , राष्ट्रीय जनभावना।** इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत स्वच्छता आधारित विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जनपद पंचायत देपालपुर की ग्राम पंचायत उषापुरा, कालीबिल्लोद, चिमनखेड़ी, गोहान, धन्नड आदि में स्वच्छताकर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाए गये। जनपद पंचायत महू में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत महू विधायक सुश्री उषा ठाकुर के द्वारा पौधरोपण किया गया। ग्राम पंचायत सिमरोल महू में जन अभियान परिषद द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। शालेय गतिविधियां अंतर्गत शालाओं में हाथ धुलाई गतिविधि की गई, जिससे बच्चे स्वच्छता की आदतों को अपना सके। स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत जिले में स्वच्छता को बढ़ावा देने एवं प्लास्टिक अपशिष्ट के प्रबंधन हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

## क्षिप्रा नदी को निरंतर प्रवाहमान बनाएगी सेवराखेड़ी योजना : मंत्री श्री सिलावट

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि उज्जैन के लिए स्वीकृत सेवराखेड़ी- सिलारखेड़ी परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। यह परियोजना के क्षिप्रा नदी को निरंतर प्रवाहमान बनाएगी। मंत्रि-परिषद द्वारा स्वीकृत 614 करोड़ 53 लाख रुपए की इस परियोजना में सिलारखेड़ी जलाशय की ऊंचाई बढ़ाई जाकर इसकी जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि की जाएगी। इस परियोजना से उज्जैन जिले के लगभग 65 ग्रामों की 18 हजार 800 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि परियोजना में ग्राम सेवराखेड़ी में बैराज बनाया जाएगा तथा इसमें वर्षा ऋतु में संग्रहित पानी को लिफ्ट करके सिलारखेड़ी जलाशय में पहुंचाया जाएगा। सिलारखेड़ी जलाशय की वर्तमान ऊंचाई बढ़ाई जाएगी, जिससे इसमें अधिक जल संग्रहित हो सके। सेवराखेड़ी से सिलारखेड़ी तक पानी पाइप-लाइन से लिफ्ट कर लगभग 6.5 किलोमीटर पहुंचाया जाएगा, फिर सिलारखेड़ी से 7 किलोमीटर लंबी पाइप-लाइन से इसे ग्राम कुनवारिया के समीप क्षिप्रा नदी में प्रवाहित किया जाएगा। छोड़ा गया पानी क्षिप्रा नदी में श्रद्धालुओं के स्नान आदि के उपयोग के बाद नीचे चितावाद बांध में एकत्र होगा, जिससे लगभग 18 हजार 800 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी, जिसे अब मंत्रि-परिषद की मंजूरी मिल चुकी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य क्षिप्रा नदी को निरंतर प्रवहमान बनाकर आगामी सिंहस्थ-2028 में श्रद्धालुओं को स्नान के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराना है। साथ ही भविष्य में पानी की उपलब्धता बनाए रखने तथा प्रवाहित पानी को चितावद बांध में रोककर, सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराना है।

### मामला 109 साल पुरानी संस्था महाराष्ट्र साहित्य सभा, इंदौर का

## पंजीकृत विधान के विपरीत ट्रस्टी की गैरकानूनी नियुक्ति ?

### बुद्धिजीवी जिम्मेदारों द्वारा गलती की पुनर्रावृत्ति

इंदौर सर्वज्ञात संस्था महाराष्ट्र साहित्य सभा के जिम्मेदारों ने अपने ट्रस्ट बोर्ड में एक शख्स की दूसरी मर्तबा अवैधानिक नियुक्ति किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। गौरतलब है कि आठ साल पहले सभा के ट्रस्ट बोर्ड द्वारा तत्कालीन कार्यकारिणी को संस्था विधान में प्रावधान नही होते हुए भी अचानक भंग कर करके मनमाने ढंग से एक एडहॉक कमेटी गठित की गयी थी।



जिसमे ज्यादातर पूर्व कार्यकरिणी के सदस्यों को ही शामिल किया गया था। ट्रस्ट बोर्ड ने इसी एडहॉक कमेटी को नौ ( 9 ) माह बाद भंग करके एक अस्थायी कार्य समिति गठित की थी। उसी दौरान ट्रस्ट बोर्ड ने बोर्ड के एक रिक्त स्थान पर सुभाष संवत्सर को सहयोजित किया। इस मनमाने मनोनय के विरुद्ध वरिष्ठ- जागरूक संचालक अनिलकुमार धडवईवाले ने रजिस्ट्रार (फर्म्स एवं सोसायटीज,भोपाल ) को संस्था के रजिस्टर्ड बॉयलोज का हवाला- प्रमाण देते हुए शिकायत की थी। जिसमे बॉयोलॉज के नियम 20 ( 2 ) के अनुसार संस्था की निर्वाचित कार्यकरिणी ही संस्था के सदस्यों में से एक को ट्रस्ट बोर्ड में ट्रस्टी मनोनीत कर सकती है। जबकि इसके विपरीत ट्रस्ट बोर्ड ने उक्त गलत मनोनयन कर दिया था। इतना ही नहीं सुभाष संवत्सर उस वक्त सभा के सदस्य ही नही थे। धडवईवाले की उक्त शिकायत पर तत्कालीन असिस्टेन्ट रजिस्ट्रार अभय खरे ने कार्यवाही की थी। तब वह नियुक्ति निरस्त की गयी थी। लेकिन उसके बाद संवत्सर को सभा का लाईफ मेम्बर बनवाकर तत्कालीन अस्थाई कामकाज समिति ने 2019 में उनको ट्रस्टी बना दिया था। वह भी बॉयलोज का सरासर उल्लंघन रहा। क्योंकि नियम 20 (2) के तहत निर्वाचित कार्यकारिणी को उक्त नियुक्ति मनोनयन करने का अधिकार है। और सभा के कार्यकारिणी के निर्वाचन उक्त नियुक्ति के तीन साल बाद हुए थे। अस्थाई कामकाज समिति के अध्यक्ष अश्विन खरे और सचिव मुक्त संवाद के सर्वेसर्वा मोहन रेडगांवकर थे। जो अब कार्यकारिणी में नही है। इस तरह सभा के बुद्धिजीवी कहे जानेवाले जिम्मेदारों ने गलत कार्यवाही की पुनर्रावृत्ति की ,मनमानी ही की है। जिसकी शिकायत धडवईवाले समय पर ही दर्ज कर दी थी। लेकिन नये अधिकारी (असिस्टेन्ट रजिस्ट्रार , इंदौर ) ने दो साल बाद भी कोई कार्यवाही नही की है। जो विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालियां निशान लगाता है।

## इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड साइंस आई पी एस एकेडमी का सिल्वर जुबली आयोजन



इंदौर। आईपीएस अकेडमी के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड साइंस ने अपने सफल 25 वर्ष पूर्ण किए। इस अवसर पर प्रथम डायरेक्टर आर जे लालवानी तथा प्रथम वर्ष के छात्रों सहित कई पूर्व छात्रों ने शामिल हो कर कार्यक्रम में रौनक भर दी। प्रेसिडेंट श्री अचल चौधरी जी ने बताया कि संस्था की प्रिंसिपल डॉ.अर्चना कीर्ति चौधरी ने भी इस वर्ष अपने 25 वर्ष संस्थान के साथ पूर्ण किए । उन्होंने विशेष रूप से उन्हें बधाई दी और कहा कि अपनी समर्पित टीम के साथ उन्होंने संस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। प्रिंसिपल डॉ.अर्चना कीर्ति चौधरी ने इस अवसर पर पूर्व एवं वर्तमान छात्रों सहित सभी सदस्यों को बधाई देते हुए विगत 25 वर्षों की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रेसिडेंट अचल चौधरी की दूरदर्शिता तथा बिना समर्पित टीम के यह असंभव था। कॉलेज के छात्रों ने रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पूर्व छात्रों का कहना था की संस्था ने विगत वर्षों में जो तरक्की की है वो अविश्वसनीय और अवर्णीय है। इस अवसर पर विक्रम यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अखिलेश पांडे, एस जी आई टी एस के डायरेक्टर डॉ रोड़े, डॉ हिंडोलिया एवं कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे उन्होंने भी संस्था को बधाई दी। पूर्व छात्र एवं विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण पटेल ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया । डॉ कविता उपाध्याय, डॉ शामल सेन और नम्रता अत्रे ने कार्यक्रम का संचालन किया। पूर्व छात्र अरविंद उपाध्याय ने धन्यवाद किया।

## विश्व जैन संगठन के सदस्यों ने मुनिश्री विनम्र सागर जी के दर्शन करके लिया आशीर्वाद



इंदौर (ओम पाटोदी) विश्व जैन संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण समर्थ सिटी इंदौर में विराजित मुनिश्री विनम्र सागर जी महाराज के दर्शन करने पहुंचे एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। संगठन के अध्यक्ष मयंक जैन ने संगठन की गतिविधियों से मुनि श्री को अवगत कराया और मुनि श्री से दिशा निर्देशन प्राप्त किया। इस अवसर पर संगठन के महामंत्री ओम पाटोदी, संतोष जैन (मामाजी), अखिलेश जैन, अंकीत जैन (लक्की), चर्चित पाटोदी, प्रतीमा जैन, दिपेश जैन, अशोक सामरिया आदि सदस्य गण मौजूद थे। उक्त जानकारी संगठन के अभय संघवी व सौरभ जैन ने दी।

## मध्य प्रदेश में अगली सरकार समाजवादी पार्टी के बगैर नहीं बनेगी

### समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव का इंदौरमे कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

इंदौर। सोशलिस्ट पार्टी इंडिया की मध्य प्रदेश इकाई के समाजवादी पार्टी में गत दिनो भोपाल में विलय के बाद समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव इंदौर आए। कार्यकर्ताओं को कहा कि समाजवादी पार्टी देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है और आगामी दिनों में जब भी मध्य प्रदेश के नए चुनाव होंगे तो मध्य प्रदेश में जो भी सरकार बनेगी वह समाजवादी पार्टी के बगैर नहीं बन पाएगी। अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के बाद सबसे ज्यादा ध्यान मध्य प्रदेश में संगठन की प्रति दे रहे हैं और आगामी दिनों



में पार्टी और मजबूत होगी। सोशलिस्ट पार्टी के मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी में विलिन होने से मालवा निमाड अंचल में पार्टी की ताकत बढ़ेगी। कार्यक्रम का संचालन रामस्वरूप मंत्री ने किया। वरिष्ठ नेता के.आर. यादव, दिनेश सिंह कुशवाह, राजेंद्र यादव, रामस्वरूप मंत्री,डीएस मिश्रा, ललित मेहरा, सुषमा यादव, कल सिंह झामर, कमलेश परमार, अशफाक हुसैन, भगवान सिंह चौहान, अजय यादव, राधा यादव, ललिता मेहरा आदि ने भी संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव ने इंदौर नगर के लिए राजेंद्र यादव एडवोकेट, जिला अध्यक्ष के लिए बटेश्वर सिंह, उज्जैन जिला अध्यक्ष के लिए कमलेश परमार, झाबुआ जिला अध्यक्ष के लिए कल सिंह झामर, महिला सभा जिला अध्यक्ष के लिए सुषमा यादव तथा प्रदेश महिला सभा के लिए ललिता मेहरा की नियुक्ति की घोषणा की। आभार डीएस मिश्रा ने माना। प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर मनोज यादव का स्टेट प्रेस क्लब की ओर से प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने शाल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान भी किया।

## क्षमा भाव से हमारे शत्रु भी मित्र बन जाते हैं आचार्य श्री विप्रणत सागरजी महाराज

इन्दौर। परदेशीपुरा दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अरविंद जैन एवं भानु कुमार जैन ने बताया कि आज आदिनाथ भगवान की पालकी यात्रा के साथ व्रति व्यक्तियों को बग्धी में बैठा कर बैण्ड बाजे के द्वारा मंदिरजी में मण्डल विधान पर अर्ध बढ़ा कर विधान का निष्ठापन किया।



व्रति व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। श्रीजी का अभिषेक के साथ मंदिरजी में विशाल पांडाल में क्षमावाणी पर्व मनाया गया। समाजजन एक दूसरे से मन वचन कर्म से हुई भूलों के लिये क्षमा याचना कर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आचार्य श्री विप्रणत सागरजी महाराजजी ने क्षमावाणी पर्व पर विशेष प्रवचन दिये। मैं सभी जीवों से क्षमा याचना करता हूँ सभी जीव मुझे क्षमा करें मेरा सभी जीवों से मैत्री भाव है किसी जीव से मेरा कुछ भी बैर भाव नहीं है। क्षमावाणी करने से अपने भावों में निर्मलता आती है, मन में हलकापन सा प्रतीत होता है तथा आपस में वात्सल्य की मकरन्द महक उठती है। जहाँ कुछ अज्ञानता या प्रमादवश कोई गलती या अनर्थ हो जाये तो बड़े विवेक और वात्सल्य के साथ उसके प्रचार प्रसार पर रुचि न लेते हुए समझौते पूर्वक परस्पर में क्षमा भावधारण करना समुचित है नहीं तो वर्षों क्या जन्मों-जन्मों तक के लिए यह बैर हमारे दुःख का कारण बन जाता है। क्षमा के अभाव में आज के कोर्ट कचहरी और कल के नरक निगोद कहीं दूर नहीं। धैर्य और क्षमा का फल मीठा होता है। राम ने कैकई माँ को क्षमा किया अता चौदह वर्ष के वनवास के उपरान्त उन्हें अपने राज्य में राज्य पद की प्राप्ति हुई। पार्श्वनाथ तीर्थंकर को उपसर्ग के समय कमठ पर क्षमा करते हुए केवलज्ञान के साथ भगवान ने अपने की प्राप्ति हुई इसीलिये यह बात याद रखें कि क्षमा भाव से हमारे शत्रु भी मित्र बन जाते हैं और हमारा उपकार कई जन्मों तक नहीं भूलते अतः सोंचे कि-पाप से घृणा करो पापी से नहीं, क्योंकि पापों को छोड़ कर पापी भी पवित्र बन सकता है हम लोग थोड़ी सी भूल होने पर एक शिष्टाचार सीखें और बोले प्लीज एक्सयुज मी कृपया मुझे क्षमा करें। इस अवसर पर महाराजश्री को श्रीफल भेंट कर अरविंद जैन, राकेष विनायका, भानु कुमार जैन, संतोष सराफ, अपूर्व जैन, अर्पित जैन, राजा जैन, अरविंद जैन बिडीवाले, कोमलचन्द्र जैन द्दा, रूपेष जैन (रानू), राजेन्द्र बंडी, श्रीमती सोनाली जैन, श्रीमती शिल्पी जैन आदि ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

# परिवारवाद की राजनीति खत्म करके ही होगा कांग्रेस का विकास



इंदौर/देवेंद्र साहू। प्रदेश और शहर मैं बरसों से कांग्रेस पार्टी को जिंदा रखने वाले जमीनी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति में अनदेखी शहर और प्रदेश में लगातार परिवारवाद चरम पर है परिवारवाद के चलते प्रदेश और शहर पैराशूट से उच्च स्तर पर बैठे नेता पुत्रों भाई भतीजे की लगातार नियुक्ति का विरोध उपेक्षा से निष्ठावान जमीनी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में घोर निराशा है।

2014 से केंद्र में भाजपा की सरकार है और करीब मध्य प्रदेश में 20 से साल से भाजपा सरकार काबिज है इंदौर नगर निगम में करीब 25 साल से है चुनाव में भी काफी सालों से कांग्रेस की परिषद नहीं बन पाई है जिला पंचायत एवं जनपद चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा है। लगातार सांसद विधायक का चुनाव इंदौर शहर से कांग्रेस पार्टी हार रही है इसके बावजूद भी कुछ स्तर पर बैठे मध्य प्रदेश के बड़े नेताओं और जिम्मेदार प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिम्मेदार पदाधिकारी को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है ऐसा लगता है कि जैसे कि इन लोगों ने कांग्रेस को पूरी तरह खत्म करने का संकल्प ले लिया है।

उल्लेखनीय की वर्तमान में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी एनएसयूआई युवा कांग्रेस सहित अन्य संगठनों में उच्च स्तर पद पर बैठे नेताओं द्वारा अपने-अपने भाई भतीजे पुत्रों भांजा भांजियों बिना कांग्रेस पार्टी में रोड पर संघर्ष किय बिना बड़े-बड़े पद से शोभित किया जा रहा है पद बांटने का कोई मापदंड नहीं है जिससे कि कांग्रेस पार्टी निश्चित रूप से कमजोर हो रही है बड़े नेताओं द्वारा परिवारवाद को जन्म दिया जा रहा है इन बड़े नेताओं ने परिवारवाद के चलते जो पद वितरण किए जा रहे है उससे इंदौर सहित पूरा मध्य प्रदेश के बरसों से कांग्रेस पार्टी के लिए रोड पर संघर्ष करने वाले अपना सब कुछ गवा देने वाले बरसों से पार्टी के लिए काम करने वाले कई सालों से विपक्ष में रहते हुए अपने ऊपर बहुत सारे राजनीतिक मुकदमे लगवाने वाले निष्ठावान जमीनी कांग्रेसी कार्यकर्ता परिवारवाद के चलते नियुक्ति से अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में विचारणीय प्रश्न यह है की मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी कैसे मजबूत होगी जबकि शहर से लेकर प्रदेश में नियुक्ति का मापदंड वर्षों से रोड पर संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं की मेहनत समर्पण निष्ठा होना।

## वंचित समाज के प्रति सेवा और समर्पण के अटूट संकल्प ने बनाया बाबासाहब को राष्ट्र निर्माता



इंदौर। आधुनिक भारत के निर्माता भारतीय संविधान के रचयिता महा मानव भारतरत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जन्मभूमि स्मारक महू सहित देशभर की ऐतिहासिक महत्व की इमारतों, स्थलों, उनकी प्रतिमाओं, बुद्ध विहारो पर उनके संकल्प के प्रति कृतज्ञता भाव से नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है।

इसी कड़ी में डॉ बाबासाहेब अंबेडकर मेमोरियल सोसायटी भी जन्मभूमि स्मारक समिति महू के अध्यक्ष बनते प्रज्ञशील जी के नेतृत्व में जन्मभूमि पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पवित्र पावन अस्ति कलश को नमन किया गया। अपने अपने विस्तारित उद्बोधन में भंते प्रज्ञशील ने बताया कि आज संकल्प दिवस है, वैसे तो हम सभी को बाबासाहेब के पूरे जीवन के प्रति कृतज्ञ होना ही चाहिए, लेकिन आज का दिन ऐतिहासिक महत्व का दिन है जब बाबासाहेब ने समतामूलक समाज की स्थापना के लिए अपने जीवन को समर्पित करने का प्रण लिया, उन्होने प्रतिज्ञा की थी कि विश्व के शिखर संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद मुझे मेरे देश में जातिगत भेदभाव, अन्याय, अत्याचार और अमानवीय शोषण सहना पड़ा तो मेरे लाखों करोड़ों अनपढ़, अशिक्षित भाई बहनों को इस नरकीय जीवन मैं कितनी यातनाएं सहाना पड़ती होगी चाहे जो हो मैं उन्हें इस दलदल से बाहर लाकर ही रहूंगा, इस अन्याय, अत्याचार और शोषण को मैं जड़ से खत्म करके ही रहूंगा। यही हमारा संकल्प हो, आज के दिवस पर महामानव बाबासाहेब को कोटि कोटि नमन। जयभीम, नमो बुद्धाय इस अवसर पर स्मारक समिति के उपाध्यक्ष राजेंद्र वाघमारे, डॉ शीला दंडगे, श्रीमती स्नेहलता कर्डक सचिव शशिकांत वानखेडे, राहुल हिवरे, प्रकाश मुक्तिकर, अनिल इंगले प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भीम जन्मभूमि के मीडिया प्रभारी राजू कुमार अंभोरे ने दी।

## सेंट उमर के छात्रों ने बेसबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** अंतर शालेय जिला स्तरीय अंडर-14 बेसबॉल प्रतियोगिता दिनांक 11/9/2024 से13/9/2024 तक चिमनबाग मैदान में खेली गई इस प्रतियोगिता में सैंट उमर हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुवे पहला स्थान प्राप्त किया और गोल्ड मैडल जीत कर प्रतियोगिता अपने नाम की 7 सभी खिलाड़ियों को स्कूल प्राचार्य श्री संदेश गुप्ता व खेल अधिकारी डॉ रफीक खान, इंचार्ज श्री सादिक सर व कोच श्री रेहान खान, फरहान खान, फाईज़ा अली एवं इस्लामिया करीमिया सोसाइटी की मेनेजिंग कमेटी ने गोल्ड मैडल जितने की बधाई दी।

# इंदौर में दादा साहेब फाल्के फैशन और लाइफस्टाइल अवॉर्ड्स का भव्य आयोजन

इंदौर, फैशन और ग्लैमर की दुनिया में इंदौर ने एक ऐतिहासिक कदम तब रखा, जब पांच सितारा मैरियट होटल में पहली बार दादा साहेब फाल्के फैशन और लाइफस्टाइल अवॉर्ड्स का भव्य आयोजन किया गया। इस इवेंट ने न सिर्फ इंदौर को राष्ट्रीय सुर्खियों में ला दिया, बल्कि इसे फैशन और लाइफस्टाइल इंडस्ट्री के उभरते हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित किया।

### सितारों की चमक से सजी शाम

इस अवॉर्ड शो की शोभा बढ़ाने के लिए बजरंगी भाईजान फेम हर्षाली मल्होत्रा (मुन्नी) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इसके अलावा, मशहूर सिंगर और सोशल मीडिया स्टार कुलदीप खरे, कॉमेडियन राजा रेंचो, और लोकप्रिय कवि पंकज दीक्षित ने भी अपनी उपस्थिति से इस आयोजन को खास बना दिया। रेड कार्पेट पर सितारों की झलक और उनकी शानदार परफॉर्मेंस ने इवेंट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

### आकर्षक समाचार-ग्लोबल नेक्स्ट सिंगिंग स्टार सीज़न 1 का फाइनल



इस अवॉर्ड शो के साथ-साथ ग्लोबल नेक्स्ट सिंगिंग स्टार सीज़न 1 का भी फाइनल आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता का सफर 16 फरवरी 2024 से शुरू हुआ था, और इसका भव्य समापन 21 सितंबर 2024 को हुआ।

राजस्थान के डीडवाना की कोमल पांडे ने इस फाइनल में बाज़ी मारी और विजेता बनीं। वहीं, पहले रनर-अप गुजरात के हलोल के शादाब अब्बास शेख और दूसरे रनर-अप मध्य प्रदेश की सिलवानी की नीलू चौरासिया रहीं। इस प्रतियोगिता ने युवा गायकों को मंच प्रदान किया, और केके ब्रदर्स के कृष्णा और कुलदीप खरे ने घोषणा की कि जल्द ही इसका दूसरा सीज़न भी शुरू किया जाएगा, जिससे उन सभी को लाभ मिलेगा जिन्हें एक सशक्त मंच की आवश्यकता है।

### भविष्य के सपने और ऊंचे लक्ष्य

केके ब्रदर्स फिल्म्स के फाउंडर कृष्णा खरे और कुलदीप खरे ने इस इवेंट की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा, हम इंदौर को फैशन और लाइफस्टाइल का नया हब बनाना चाहते हैं।

विजेताओं की सूची- हर्षाली मल्होत्रा-बॉलीवुड अभिनेत्री, सेलिब्रिटी गेस्ट,

आरजे नीतू-बिग एफएम, सेंट्रल इंडिया की सर्वश्रेष्ठ मॉर्निंग आरजे,

अनिल दत्त-खुशी एडवरटाइजिंग, सर्वश्रेष्ठ एंबिएंट मीडिया सॉल्यूशन फ्री प्रेस-सेंट्रल इंडिया का सर्वश्रेष्ठ अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्रएड वर्ल्ड-सर्वश्रेष्ठ आउटडोर मीडियासमृद्धि-सर्वश्रेष्ठ ट्रांजिट मीडियाहुकुम सिंह-सर्वश्रेष्ठ पीआर कंपनी, डॉ. आर. के. डोंगने-प्रसिद्ध समाजसेवी, धर्मेंद्र बामनिया - सर्वश्रेष्ठ फ्रंटलाइन योद्धा,. डॉ. जगदीश समरवार - हेल्थ और वेल्थ फिटनेस एक्सपर्ट, मोबीन कुरैशी-गुडविल एंटरप्राइजेज, सर्वश्रेष्ठ इको-फ्रेंडली डिटर्जेंट,. निशांत सांभर्कर- सर्वश्रेष्ठ यूट्यूब कंटेंट क्रिएटर,. अंकिता हर्ष अमीन- सर्वश्रेष्ठ लग्जरी होटल और रिसॉर्ट, स्वाति वर्मा - सर्वश्रेष्ठ आध्यात्मिक हीलर,. प्रियंका सुरेश्वर - सर्वश्रेष्ठ मॉडल,. राकेश खत्री - सर्वश्रेष्ठ स्कूल, क्रेयॉन इंटरनेशनल स्कूल, मनोज चतुर्वेदी - ग्वालियर के सर्वश्रेष्ठ रिपोर्टर,अवधि - सर्वश्रेष्ठ वॉच शोरूम,. डॉ. बीके सोलंकी - सर्वश्रेष्ठ फैमिली फिजिशियन,. समर सिंह ठाकुर- विश्व और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक, दुहित गौर - सर्वश्रेष्ठ बाल कवि कलाकार, राजकुमार जावकर (राजा रेंचो) - सर्वश्रेष्ठ वेंट्रिलोक्विस्ट,. ऋतु नारवाले - इंदौर की पहली महिला बस ड्राइवर, डॉ. शीतल वर्मा - सर्वश्रेष्ठ एंकर,सानू कसरा - सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा सेवा, प्रिया पंवार - सर्वश्रेष्ठ मॉडल,प्रीति हराल ङ्क सर्वश्रेष्ठ बिजनेस वूमन / मेकअप आर्टिस्ट, डॉ. हेमेंद्र द्विवेदी- सर्वश्रेष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ,ऋतु सिंह- सर्वश्रेष्ठ मॉडल,. रीना राठौड़- रीना के ब्यूटी और मेकअप स्टूडियो भोपाल की डायरेक्टर, सोनम श्रीवास्तव सम्मानित हस्ती।

# महार समाज के युवा संवाद एवं सम्मान समारोह में

## उत्कृष्ट विद्यार्थियों एवं खिलाडियों किया गया सम्मान





इंदौर। श्री सोमवंशीय सकल पंच महार समाज का वार्षिक युवा संवाद एवं सम्मान समारोह स्थानीय प्रीतमलाल दुआ सभागृह में सम्पन्न हुआ।

समारोह में करीब 70 प्रतिभावान एवं उत्कृष्ट विद्यार्थियों, विभिन्न खेलकुद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उल्लेखनिय उपलब्धि हासिल करने वालों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ती पत्र दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक गोलू शुक्ला, प्रताप करोसिया, नारायण गायकवाड, यशवंत पंवार तथा श्री अनिल पंवार विशेष रूप से उपस्थित थे।

नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष लखन अड़ाव तथा कार्यक्रम अध्यक्ष गोविंद पंवार ने बताया कि समारोह में समाज के प्रतिभावान एवं उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिये यह कार्यक्रम प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है। समाज के जिन विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं उनका सम्मान स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ती पत्र देकर किया गया।

समारोह में युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु युवा संवाद का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवयुवक मण्डल द्वारा सर्वोच्च युवा सम्मान श्रीमती संगीता मोरे तथा सर्वोच्च वरिष्ठ सम्मान श्रीमती सुमित्रा देवी रामचंद्र निकुमकर को प्रदान किया गया।

समारोह में नवयुवक मण्डल के भैया बाईस्कर, जीतु कामले, विजय वाघ, गौतम पंवार, आशिष केदार, प्रदीप मोरे, विजय पंवार, संदीप बागुल, कमल फडके तथा संदीप मोरे सहित बडी संख्या में समाजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन श्री लकी टपाल ने किया।

## सीमेंटेड सड़क मार्ग का स्व. धर्मचंद पांचाल के नाम पर किया



इंदौर। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र क्र. 3, के वार्ड क्रमांक. 59 में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से बनी सीमेंटेड सड़क मार्ग का नवीन नाम जनसंघ कालीन, वरिष्ठ भाजपा नेता, प्रथम विधानसभा अध्यक्ष स्व. धर्मचंद पांचाल (दादा जी) के नाम पर किया गया।

नवनिर्मित स्व. श्री धर्मचंद पांचाल मार्ग का लोकार्पण विधानसभा 3 के विधायक गोलू शुक्ला एवं क्षेत्रीय लोकप्रिय पार्षद डॉ. रूपाली अरुण पेंढारकर ने किया। इंदौर विश्वकर्मा पांचाल समाज को ये सौगात देने हेतु संपूर्ण समाज की ओर से समाज पदाधिकारियों ने विधायक गोलू शुक्ला और पार्षद को भगवान विश्वकर्मा जी की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर भाजपा नेता अरुण पेंढारकर, वार्ड अध्यक्ष शिव पाल, शांति देवी पांचाल, महेश पांचाल, समाज ट्रस्टी गोपाल पांचाल, आजाद पांचाल, मुरलीधर पांचाल, प्रदीप पांचाल, भंवरलाल पांचाल, गौरव पांचाल, गणेश पांचाल, राकेश पांचाल, सुमित पांचाल, राहुल राणे, सोहन जोशी, सोनू अगवाने उपस्थित रहे।

# जंक फूड मैगी, पास्ता, पिज्जा, बर्गर, चिप्स, कुरकुरे, एनीमिया का मुख्य कारण

इंदौर। नेशनल न्यूट्रीशन मंथ के तहत क्रिएट स्टोरीज एनजीओ द्वारा पोषण के जरिए एनीमिया यानी रक्त की कमी कैसे दूर करे ? विषय पर भागीरथजी शासकीय महाविद्यालय में परिचर्चा आयोजित की गई जिसमे आईएपीईएन इंदौर इकाई की सेक्रेटरी एवं आहार विशेषज्ञ डॉ प्रीति शुक्ला ने चर्चा की साथ ही संतुलित आहार की प्रदर्शनी लगाई गई।

डॉ प्रीति शुक्ला ने बताया की एनीमिया यानी शरीर में खून की कमी। यह समस्या महिलाओं में अधिक पाई जाती है । हमारे देश में हर तीन में से एक महिला एनीमिया की शिकार है। आयरन की कमी 60 परसेंट कारण है एनीमिया का । खाना खाने के बाद कई लोग चाय या काफी पीते है जो की बहुत गलत है क्यूंकि इससे जो भी आयरन खाने में लोग लेते है उसका एब्सॉर्प्शन प्रॉपर नहीं हो पाता इसलिए चाय या कॉफ़ी खाने के बाद न लें। भारतीय लेटेस्ट आंकड़ो की बात करें तो पांच साल से कम 67 परसेंट बच्चे, 15 साल से कम लड़कियों में 46 परसेंट और 63 परसेंट ओवरआल महिलाओं में एनीमिया पाया गया जो की पहले के मुकाबले काफी बढ़ा है एवं यह एक चिंतनीय विषय है। जंक फूड जैसे की मैगी, पास्ता, पिज्जा, बर्गर, चिप्स, कुरकुरे, पैक्ड फूड आदि एनीमिया पैदा करने का मुख्य कारण है। सही आहार होने से एनीमिया से बच सकते हैं। सही हीमोग्लोबिन से एकेडमिक परफॉर्मेंस बढ़ता है। प्रेगनेंसी में एनीमिया होने से , होने वाले बच्चे के मानसिक या शारीरिक विकार उत्पन्न हो सकते है इसलिए इसका ध्यान रखें।



### नेशनल न्यूट्रीशन मंथ के तहत आहार विशेषज्ञ डॉ प्रीति शुक्ला ने चर्चा की

**महिलाओं के लिए हेल्थ टिप्स**-ब्रेकफास्ट करना कभी भी ना भूलें, दिन की शुरुआत प्रोटीन, और फाइबर से भरपूर चीजों से करें इससे आपकी शरीर में ऊर्जा बनी रहेगी। ज्यादातर महिलाओं के शरीर में आयरन की की होती है और महिलाओं को अपने खाने में पौष्टिक चीजों को जोड़ना चाहिए । पानी शरीर की गंदगी को तो दूर करता ही है साथ ही हमारे ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल करने में मददगार हो सकता है शरीर की कई सारी समस्याओं का हल पानी है अगर आप खुद को हाइड्रेट रखेंगी तो आपकी त्वचा भी दमकती रहेगी कम से कम ढाई लीटर पानी रोज़ पियें । अगर आप डाइट पर हैं तो ध्यान रखें कि कार्बोहाइड्रेट वाली चीजों से परहेज करें , लेकिन इस चक्कर में कई बार जरूरी प्रोटीन और विटामिन युक्त चीजें भी महिलाएं नहीं खाती हैं जिससे उनको कई समस्याएं हो सकती है । स्वस्थ रहने के लिए रोजाना एक्सरसाइज बहुत जरूरी है इसलिए रोजाना 30 मिनट की एक्सरसाइज करने से आप फिट रहेंगी और ऊर्जा से भरपूर भी।

## समिति में प्रतापनारायण मिश्र पर गोष्ठी

इंदौर। श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति द्वारा कालजयी रचनाकार स्मरण की श्रृंखला में इस बार प्रतापनारायण मिश्र के साहित्यिक कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा होगी एवं उनके चित्र का अनावरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम मंगलवार 24 सितम्बर, 2024 को सायं 6:00 बजे समिति के सभागार में होगा ।

# क्षमा भाव से हमारे शत्रु भी मित्र बन जाते हैं आचार्य श्री विप्रणत सागरजी महाराज

इन्दौर। परदेशीपुरा दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अरविंद जैन एवं भानु कुमार जैन ने बताया कि आज आदिनाथ भगवान की पालकी यात्रा के साथ व्रति व्यक्तियों को बग्धी में बैठा कर बैण्ड बाजे के द्वारा मंदिरजी में मण्डल विधान पर अर्ध बढ़ा कर विधान का निष्ठापन किया।



व्रति व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। श्रीजी का अभिषेक के साथ मंदिरजी में विशाल पांडाल में क्षमावाणी पर्व मनाया गया। समाजजन एक दूसरे से मन वचन कर्म से हुई भूलों के लिये क्षमा याचना कर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आचार्य श्री विप्रणत सागरजी महाराजजी ने क्षमावाणी पर्व पर विशेष प्रवचन दिये। मैं सभी जीवों से क्षमा याचना करता हूँ सभी जीव मुझे क्षमा करें मेरा सभी जीवों से मैत्री भाव है किसी जीव से मेरा कुछ भी बैर भाव नहीं है। क्षमावाणी करने से अपने भावों में निर्मलता आती है, मन में हलकापन सा प्रतीत होता है तथा आपस में वात्सल्य की मकरन्द महक उठती है। जहाँ कुछ अज्ञानता या प्रमादवश कोई गलती या अनर्थ हो जाये तो बड़े विवेक और वात्सल्य के साथ उसके प्रचार प्रसार पर रुचि न लेते हुए समझौते पूर्वक परस्पर में क्षमा भावधारण करना समुचित है नहीं तो वर्षों क्या जन्मों-जन्मों तक के लिए यह बैर हमारे दुःख का कारण बन जाता है। क्षमा के अभाव में आज के कोर्ट कचहरी और कल के नरक निगोद कहीं दूर नहीं। धैर्य और क्षमा का फल मीठा होता है। राम ने कैकई माँ को क्षमा किया अता चौदह वर्ष के वनवास के उपरान्त उन्हें अपने राज्य में राज्य पद की प्राप्ति हुई। पार्श्वनाथ तीर्थंकर को उपसर्ग के समय कमठ पर क्षमा करते हुए केवलज्ञान के साथ भगवान ने अपने की प्राप्ति हुई इसीलिये यह बात याद रखें कि क्षमा भाव से हमारे शत्रु भी मित्र बन जाते हैं और हमारा उपकार कई जन्मों तक नहीं भूलते अतः सोंचे कि-पाप से घृणा करो पापी से नहीं, क्योंकि पापों को छोड़ कर पापी भी पवित्र बन सकता है हम लोग थोड़ी सी भूल होने पर एक शिष्टाचार सीखें और बोले प्लीज एक्सयुज मी कृपया मुझे क्षमा करें। इस अवसर पर महाराजश्री को श्रीफल भेंट कर अरविंद जैन, राकेष विनायका, भानु कुमार जैन, संतोष सराफ, अपूर्व जैन, अर्पित जैन, राजा जैन, अरविंद जैन बिडीवाले, कोमलचन्द्र जैन द्दा, रूपेष जैन (रानू), राजेन्द्र बंडी, श्रीमती सोनाली जैन, श्रीमती शिल्पी जैन आदि ने आषीर्वाद प्राप्त किया।



## संयम और चारित्र ही व्यक्तित्व की पहचान - साध्वीजी श्री दिव्यप्रभा जी

**टांडा (धार)** । साधक को तप के साथ संयम रखना चाहिए। संयम और चारित्र ही व्यक्तित्व की पहचान है। हमारे महापुरुषों ने स्व पर कल्याण का मार्ग चुन कर समाज पर उपकार किया है। उक्त प्रेरक प्रवचन उपप्रवर्तिनी विदुषी महासती साध्वी श्री डॉ दिव्यप्रभा जी म.सा. ने राजस्थान के चितौड़ जिले के भादसोड़ा नगर में आयोजित पूज्य साध्वी जी कुसुमवश्रीतीजी म.सा. के शोभा जन्म शताब्दी महोत्सव व गुणानुवाद सभा मे व्यक्त किए। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ भादसोड़ा द्वारा पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आयम्बिल, सामायिक, सामूहिक एकासने, सजोडे सामुहिक जाप आदि किए गए। भादसोड़ा श्री संघ द्वारा श्रमणी सूर्या उपप्रवर्तिनी महासाध्वी परम पूज्या डॉ श्री दिव्य प्रभा जी महाराज साहब, मधुर व्याख्यानी परम पूज्या श्री निरुपमा जी महाराज साहब, मधुर गायिका परम पूज्या श्री आर्या जी महाराज साहब के पावन सानिध्य में उपाध्याय प्रवर पूज्य गुरुदेव पुष्कर मुनि जी महाराज साहब की 115 वी जन्म जयंती, श्रमण संघीय महामंत्री पूज्य गुरुदेव श्री सौभाग्य मुनि जी महाराज साहब का चतुर्थ पावन पुण्य स्मृति दिवस व अध्यात्म योगिनी महा साध्वी परम पूज्या श्री कुसुमवतीजी महाराज साहब का शताब्दी जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ सानंद संपन्न हुआ। पंच दिवसिय कार्यक्रम का मुख्य समारोह गुणानुवाद समारोह के रूप में सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल भादसोड़ा के प्रांगण में भादसोड़ा के लाडले सपूत चित्तौड़गढ़ सांसद श्री सीपी जी जोशी के मुख्य आतिथ्य एवं दानवीर भामाशाह सुश्रावक श्रीमान बसंतीलालजी सा चौहान सुरपुर की अध्यक्षता में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथियों, बहन - बेटी जमाईयों एवं प्रवासी भादसोड़ा वासियों की उपस्थिति में आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

## सीएम राईज विद्यालय मैं चलाया स्वच्छता अभियान





महेश्वर। सोमवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सीएम राईज विद्यालय द्वारा सफाई अभियान चलाया गया । इस अभियान में सभी शिक्षक / शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया द्य पूरे स्टाफ के द्वारा विद्यालय के अंदर व बाहर वाले भागो की सफाई की गई द्य साथ ही इस अवसर पर प्राचार्य बिरजू गुप्ता द्वारा सभी छात्रों व शिक्षकों क़ो अपने आस पास स्वछता बनाए रखने की शपथ दिलवाई गई द्य प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने के लिए प्राचार्य द्वारा प्रेरित किया गया।

## अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही कर 1,80,000 की मदिरा व मदिरा बनाने की सामग्री जप्त



**कसरावद इंदौर समाचार सेवकराम चौबे** -कसरावद आबकारी आयुक्त म.प्र. द्वारा जारी निर्देशों के आलोक में खरगोन जिले में कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के आदेश तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी के निर्देश पर अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत वृत्त- कसरावद में आज दिनांक 23.09.2024 को प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष, सजेन्द्र मोरी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा विक्रेताओं पर कार्रवाई कर ग्राम ओझरा,टांडा,खेड़ी तथा खेड़ीफाटा में अलग-अलग स्थान पर कार्यवाही कर वृत्त प्रभारी ओमप्रकाश मालवीय आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क,च के तहत 06 प्रकरण दर्ज कर 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। तथा 10 नग देशी मदिरा प्लेन के पाव, 80 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 1550 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया।महुआ लहान के सेम्पल लेकर शेष लहान मौके पर नष्ट किया गया। कार्रवाई में जब्त अवैध मदिरा तथा सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य रु.1,80,000/-(एक लाख अस्सी हजार रुपए)है। उक्त कार्यवाही में वृत के आबकारी आरक्षक संतोष वर्मा,अमनसिंह चौहान तथा रिता सिंगोरिया का योगदान रहा। सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नपा द्वारा श्रमदान कर चालया सफाई अभियान

**खरगोन। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री एमआर निंगवाल के निर्देशानुसार एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री अमित डामोर के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा, स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पोस्ट ऑफिस चौराहे से गांधी उद्यान तक वाहन पार्किंग में एवं नगर पालिका कार्यालय में सफाई कर श्रमदान किया गया। साथ ही स्वच्छता बनाएं रखने की शपथ भी दिलाई गई।**

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, उपाध्यक्ष श्री भोलू वर्मा, स्वच्छता सभापति श्रीमती कविता पाटीदार, लोक निर्माण सभापति श्री धीरेंद्र सिंह चौहान, पार्षद श्री भागीरथ बडोले, श्री जगन्नाथ सावले, श्री राजेश रावत, श्री अरविन्द पाटीदार, ब्रांड एंबेसडर श्रीमती डॉ. पुष्पा पटेल, स्वच्छता चैंपियन श्री काका सिंह छाबड़ा एवं स्वच्छता निरीक्षक श्री सुभाष रघुवंशी, रहीम खान, समस्त दरोगा, कर्मचारी व आईईसी टीम सदस्य उपस्थित रहे।

# स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अभियान थीम पर चलाया जन जागरण अभियान



**कसरावद इंदौर समाचार सेवकराम चौबे -कसरावद जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विजय शर्मा के निर्देशन व ब्लाक समन्वयक कालुसिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था सेक्टर 5 के अन्तर्गत आने वाले ग्रामों में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अभियान थीम पर जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। जन अभियान परिषद कसरावद की नवांकुर संस्था सेक्टर 5 के द्वारा ग्राम पंचायत कमोदवाडा के ग्राम सहेजला व ग्राम पंचायत सांगवी में स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर स्वच्छता रैली, संगोष्ठी, स्वच्छता शपथ, जन जागरण के लिए सफाई अभियान के साथ हाथ धुलाई का महत्व बताया गया। इस दौरान सहेजला ग्राम की प्रमुख गलियों से गुजरते हुए प्राथमिक विद्यालय सहेजला में संगोष्ठी आयोजित की गई।**

संगोष्ठी में जन अभियान परिषद के परामर्शदाता अमित मीणा ने बताया कि स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अभियान थीम पर आधारित सहेजला को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया गया। गंदगी व खुले में शौच से बिमारियो से बचने ग्राम को स्वच्छ बनाना होगा। वहीं नवांकुर संस्था प्रभारी सोहन सेन ने कहा कि जन अभियान परिषद आपके ग्राम में छोटी छोटी गतिविधियों से जनजागरण के लिए आये है। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान में शामिल होकर अपने ग्राम को स्वच्छता में अव्वल बनाये। ताकि कूड़े कचरा गंदगी से होने वाली बीमारियों से हम बच सके। ग्राम पंचायत कमोदवाडा सरपंच राजेश मीणा ने स्वच्छता अभियान में पुरा सहयोग करने के लिए आश्वाशन दिया। वहीं उपसरपंच लवकेश पाल ने खुले में शौच पर पुर्ण अंकुश लगाने एवं ग्रामवासियों से सहयोग की बात कही। शाला शिक्षक महेंद्र मीणा ने बताया कि हमें स्वच्छता बनाये रखना होगा, तभी हमारा गांव भी स्वच्छ होगा। सभी से निवेदन किया कि ग्राम की स्वच्छता में सहयोग करें। इस दौरान प्राथमिक शाला प्रांगण सहेजला व सामुदायिक भवन सांगवी में 1 घंटे का श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें ग्राम के महिलाओं पुरुषों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। वहीं आशा कार्यकर्ता अनिता कौशल ने हाथ धुलाई कैसे होती है, अपने हाथों को कैसे धोना ये सब सिखाया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच राजेश मीणा, उपसरपंच लवकेश पाल, रोजगार सहायक छोगालाल यादव, संजय सेन, सचिव जगन्नाथ पटेल, जन अभियान परिषद से परामर्शदाता अमित मीणा, नवांकुर संस्था प्रभारी सोहन सेन सहित सीएमसीएलडीपी के विधार्थी पायल कौशल, प्रीति सेन, अंजु खांडे लक्ष्मी बागदरे उपस्थिति थे।



## स्वच्छता अभियान में सहायक आयुक्त श्री आर्य ने की कार्यालय की सफाई

खरगोन। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले के सभी स्कूल, कार्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनजातीय कार्य विभाग विभाग को कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा द्वारा निर्देश किया गया था कि कार्यालयों की साफ स्वच्छता सुनिश्चित करें। इसी तारतम्य में 23 सितंबर को सहायक आयुक्त श्री प्रशांत आर्य द्वारा संपूर्ण जिले की संस्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही श्री आर्य ने स्वयं अपने केबिन की खुद सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। साथ उन्होंने संपूर्ण जिले में स्वच्छता अभियान के तहत एक विशेष अभियान चलाकर संपूर्ण संस्थानों में एवं कार्यालय में साफ सफाई के लिए निर्देशित किया गया।

# टीएल बैठक में की गई समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

**खरगोन। 23 सितंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाष सिंह एवं अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर द्वारा समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर आकांक्षा करोठिया एवं सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।**

बैठक में सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान निर्देषित किया गया कि जो प्रकरण अधिक दिनों से लंबित है उनका निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। सीएम हेल्पलाइन में आने वाली षिकायतों व समस्याओं का निराकरण समय सीमा में होना चाहिए। जो अधिकारी सीएम हेल्पलाइन की षिकायतों को अटेंड नहीं करेंगे उनके विरूद्ध अनुषासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान में किये जा रहे कार्यो की समीक्षा के दौरान निर्देषित किया गया कि इस अभियान में अधिक से अधिक आमजन की सहभागिता सुनिष्चित की जाए। इसके लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रैली एवं स्वच्छता से जुड़े अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करने कहा गया। नगरीय क्षेत्रों में सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर षिविर लगाने के निर्देष दिए गए। बैठक में आकांक्षी ब्लॉक भगवानपुरा एवं झिरन्या में विभिन्न विभागों की योजनाओं में पोषण, स्वास्थ्य एवं रोजगार संबंधी दिये गए लक्ष्यों को 30 सितंबर तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देष दिए गए। बैठक में अन्त्यावसायी सहकारी विकास समिति की संत रविदास एवं डॉ. अम्बेडकर स्वरोजगार योजना में लक्ष्य के अनुरूप प्रकरण तैयार कर बैंकों को प्रेषित करने एवं उनमें ऋण स्वीकृत कराने के निर्देष दिए गए। बैठक में बताया गया कि आगामी 02 से 08 अक्टूबर तक जिले में मद्य निषेध सप्ताह मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में नषीले एवं मादक पदार्थों के सेवन को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत निरामयम योजना के अंतर्गत जिले में 20 से 30 सितंबर तक आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने तथा 05 लाख रुपये तक का प्रतिवर्ष निःषुल्क उपचार प्राप्त करने के लिए आमजन को जागरूक किया जा रहा है।



## कुकडोल में साइकिल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे पर आई मुस्कान

खरगोन। मध्य प्रदेश शासन द्वारा निः शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम के तहत हायर सेकेंडरी स्कूल कुकड़ोल में कुमारखेड़ा एवं भसनेर से कक्षा 9वी में अध्ययन करने वाली 10 बालिकाओं एवं 9 बालकों को ग्राम के सरपंच परसराम वास्कले, प्राचार्य ललित धूले, पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ ग्रामीण सौदानसिंह, बलराम सिंह राजपूत, मोहन भाई, रामकृष्ण महाजन सहित शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की गई है। कार्यक्रम के प्रारंभ में शिक्षको ने अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान की गई। बालिका कुमारी हर्षिता राजू, करीना गाडगे, खुशी चौहान, लता रावत, प्रमिला विक्रम, रूपाली बिनावले, साक्षी योगी, सलोनी भूरिया, वर्षा सुरेश, वैष्णवी जितेंद्र, अरिहंत, अर्पित राकेश, जिगर वर्मा, कुंदन जितेंद्र, कुणाल राजेंद्र, तरुण राठौर, वंश राम गोवर्धन, विजय पन्नालाल को जब साइकिल वितरित की गई तो उनके चेहरों की खुशी देखते ही बन रही थी। साइकिल पाकर सभी के चेहरों पर मुस्कान आ गई। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा साइकिल वितरित करने पर विद्यार्थियों द्वारा उनका आभार माना गया। इस अवसर पर शिक्षक युगल किशोर सांवले, प्रभुराम मालवीया, पुरुषोत्तम ओसवाल, राजेश पाटीदार, राहुल कुमार पांचाल, भुरला सोलंकी, ममता गुप्ता, सरोज वास्केल, रानू बडोले, गरिमा मालसे, हेमराज पाटीदार, कैलाश पाटिल, सहित शिक्षक-शिक्षिकाए की उपस्थिति थे।

## रणगांव एवं बलवाड़ी में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**खरगोन।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 23 सितंबर को जनपद पंचायत खरगोन की ग्राम पंचायत रणगांव एवं बलवाड़ी में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों ने गांव की सड़कों, शासकीय भवनों एवं स्कूल व आंगनवाड़ी की स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। इस दौरान स्वच्छता की शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं वर्ष में 100 घण्टे सफाई कार्य के लिए श्रमदान करेंगे और अपने पड़ोसियों व परिचितों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करेंगे। ग्राम रणगांव एवं बलवाड़ी में आयोजित स्वच्छता अभियान के इस कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को बताया गया कि गीला व सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र करना चाहिए और उसे निर्धारित स्थल पर रखना चाहिए। ग्रामीणों को बताया गया कि प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल न करें, क्योंकि यह पर्यावरण के साथ ही मानव स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदायक है। इस दौरान बच्चों को बताया गया कि खाना खाने से पहले और शौच से आने के बाद अपने हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोना चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों को हाथ धुलाई का तरीका भी बताया गया।

## सहकारी बैंक खरगोन का 75वां वार्षिक साधारण सम्मेलन सम्पन्न

### 337.65 करोड रुपये का बजट किया पारित

**खरगोन। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन की वार्षिक साधारण सभा संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं बैंक प्रशासक बीएल मकवाना के मुख्य अतिथ्य में कृष्णा होटल एवं रिसोर्ट में सम्पन्न हुई। बैंक मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी.एस. धनवाल के द्वारा सभा में वर्ष 2023-24 अंकेक्षित लेखा विवरणों को प्रस्तुत किया गया तथा वर्ष 2023-24 के स्वीकृत बजट अंतर्गत कम या अधिक व्यय की स्वीकृति ली गई एवं वर्ष 2025-26 का 337.65 करोड़ रुपये का बजट सभा से पारित किया गया।**

बैंक का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए श्री धनवाल ने बताया कि आलोच्य वर्ष 2023-24 में बैंक के द्वारा बी-पेक्स के माध्यम से राशि 2944.17 करोड़ लाख रुपये का ऋण कृषक सदस्यों को शुन्य प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया है। साथ ही खरगोन बडवानी जिले के अमानतदारों का विश्वास जिला सहकारी बैंक के प्रति है। जिसके फ्लस्वरूप बैंक की अमानत राषि 2256.06 करोड रुपये है। बैंक द्वारा सदस्यों को पशुपालन कार्यशील पूंजी ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। बैंक द्वारा 31 मार्च 2024 पर 250.83 लाख रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया है। उल्लेखनीय है कि बैंक स्थापना वर्ष से ही निरंतर सदस्य संस्थाओं को लाभांश वितरण कर रही है। इस वर्ष भी 62.70 लाख रुपये का लाभांश वितरण किया गया है। साथ ही बैंकिंग व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा को दृष्टिगत रखते हुये ग्राहको एवं अमानतदारों को मोबाईल बैंकिंग सुविधाए दी जा रही है तथा बैंक ने स्वयं के एटीएम भी स्थापित किए है। भारत सरकार की पेक्स कम्प्यूटरराईजेशन योजना के तहत 182 पेक्स में से आज दिनांक तक 181 पेक्स गोलाईव हो गई है जिससे संस्थाओं की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी। इस प्रकार बैंक सतत रूप से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। बैंठक को संबोधित करते हुये बैंक प्रशासक एवं संयुक्त आयुक्त सहकारिता श्री बी.एल. मकवाना के द्वारा बताया गया कि सदस्य संस्थाओं के सराहनीय सहयोग एवं मार्गदर्शन के कारण वर्तमान में बैंक आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ रहा है। उन्होंने बताया कि आलोच्य वर्ष में 4000 से भी अधिक नये कृषकों संस्था की सदस्यता प्रदान की गयी है। भारत सरकार की महत्ती योजना सहकारिता से समृद्धि के अंतर्गत खरगोन बडवानी जिले में 10 जन औषधी केन्द्र चयनित किए गए है तथा संस्थाओं के माध्यम से किसान उत्पादक संगठको (एफपी.ओ.) का गठन भी किया गया है। उन्होने बताया कि कृषकों को सहकारी संस्थाओं के माध्यम से अधिक सुविधाए प्राप्त हो इसे दृष्टिगत रखते हुए संस्थाओं के पुनर्गठन की कार्यवाही भी प्रक्रियाधीन है। सभा को पूर्व बैंक अध्यक्ष श्री प्रकाश रत्नपारखी के द्वारा भी संबोधित कर अनेक महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बैंक की प्रगति के लिए सुझाव दिये गये। इस अवसर पर दिव्यांग कर्मचारी श्री अनिल सोलंकी सहायक गणक शाखा पीपलगोन को समग्र रूप से उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरुस्कृत किया।

# प्रवासी मजदूरों को माहिष्मति कंपनी द्वारा किया जा रहा है प्रताड़ित, मजदूरों ने चौकी पर ज्ञापन के माध्यम से लगाई गुहार

**कसरावद** । कसरावद मध्यप्रदेश नंबर वन हैं यहां का सिस्टम ही नंबर वन लेकिन सिस्टम कागजों पर नंबर वन है हमारा देश चांद पर भी पहुंच गया है, लेकिन औद्योगिक क्षेत्र में श्रम विभाग कभी भी निजी कंपनियों तक नहीं पहुंच पाता है, इसलिए इसका खामियाजा गरीब मजदूरों को उठाना पड़ता है, क्युकी यहां निजी कंपनियों का बोल बाला हैं, और प्रशासन सुस्त हैं। जिसके चलते मजदूरों का शोषण लगातार चल रहा है, मजदूरों को बुनियादी सुविधाओं से निजी कंपनियों






द्वारा वंचित रखा जा रहा है।

और कंपनी संचालकों की हटधर्मिता साफ छलक रही हैं। ऐसा ही मामला जिले की कसरावद तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्र निगरानी में संचालित महिष्मति प्लास्टिक प्रावेट लिमिटेड में कार्य करने वाले मजदूरों को कार्य करने के 3 माह का वेतन नहीं मिलने से नाराज़ मजदूरों ने चौकी पर पहुंच कर अपनी आपबीती सुनाई, ज्ञापन में मजदूरों ने प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए बताया कि हम लोग प्रवासी मजदूर हैं बाहर से आए हैं और हमारे काम के पैसे कंपनी द्वारा नही दिया जा रहा है जिससे हमारी आर्थिक तंगी बड़ गई है, ज्ञापन के माध्यम से मजदूरी भुगतान की मांग की गई है। मीडिया से चर्चा करते हुए भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेंद्र पटेल ने बताया कि हमारे पास माहिष्मती कंपनी के मजदूर आए हैं और उनका वेतन भुगतान 3 माह का प्रबंधक द्वारा नही किया जा रहा है, तथा न तो उनका पीएफ एएसआई काटा जाता हैं, जिससे उनको मुक्त इलाज से वंचित रहना पड़ता हैं, क्युकी यह अलग अलग राज्यों से यहां कार्य करने आते हैं।

**इनका कहना है-** माहिष्मती कंपनी में कार्य करते हैं हमारा 3 माह का वेतन नहीं जा रहा है, हम जुलाई से काम कर रहे हैं, पीएफ एएसआई नही मिलता है, खाने की भी बहुत समस्या है। प्रवीन, अरुण सर के संपर्क से हम काम करने आए थे।

**रावेंद्र पीड़ित मजदूर माहिष्मती**

मजदूरों द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है



## प्रगतिशील कृषकों का दल प्रशिक्षण के लिए गुजरात रवाना

धार - सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना अन्तर्गत जिले के विभिन्न विकास खंडों के 60 प्रगतिशील कृषकों का समुह गुजरात राज्य में एन. एम. सदगरू वाटर एण्ड डेवलोपमेंट दाहोद (गुजरात) कृषि के क्षेत्र में नवीन कृषि तकनीकियों का अवलोकन करने कलेक्ट्रेट परिसर से प्रस्थान हुआ। कृषको के समुह के वाहन को कलेक्टर एवं अध्यक्ष आत्मा गवर्निंग बोर्ड प्रियंक मिश्रा ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। कृषकों का समुह प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती, फसल विविधिकरण , एकीकृत किट एवं रोग प्रबंधन , एकीकृत पोषण प्रबंधन ,जल संरक्षण हेतु सिंचाई की नवीन उन्नत विधियों , उद्?द्यानीकी फसलों का महत्व एवं नवीन प्रबंधन तकनीकी , क्षेत्र भ्रमण और गतिविधियों का अवलोकन भी करेंगे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रशिक्षण में जाने वाले कृषको से चर्चा करते हुये बताया कि सभी कृषक आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित रह कर संस्थान द्वारा कृषि तथा संबंध क्षेत्र में किये गये तकनीकी कार्य के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रशिक्षण उपरांत अपने खेतो में नवीन कृषि तकनीकी का उपयोग कर अधिक से अधिक लाभ अर्जित करें। साथ ही आपने क्षेत्र एवं जिले के अन्य कृषकों को भी तकनीकी ज्ञान प्रदान करें। कृषको दल के प्रस्थान के समय उप संचालक कृषि जी.एस. मोहनिया, परियोजना संचालक आत्मा कैलाश मगर एवं जिले के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## कोर्ट रोड पर गड्ढे में फंसी कार, कांग्रेसियों ने निकाली और बैठे धरने पर



धार - सोमवार को कांग्रेसी नेता जसबीर सिंह छाबड़ा और युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रोहित कामदार अपने साथियों के साथ उस समय अचानक धरने पर बैठ गए जब कलेक्टोरेट जाते वक्त उन्हें काशिबाग गेट पर एक कार गड्ढे में फसी नजर आई, पहले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कार में से परिवारजनों को उतारा और फिर काफी जद्दोजहद के बाद कार को उठा कर गड्ढे से बाहर निकाला, दरअसल पूरा मामला धार नगर के कलेक्टोरेट रोड़ पर काशीबाग के मुख्य गेट का है यहां सड़क के बीचों बीच कई दिनों से गड्ढा हो गया लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे दुरुस्त करवाने की पहल नहीं की फिर सोमवार को कांग्रेसी को गड्ढे के लिए धरने पर बैठना पड़ा, आसपास के व्यापारियों से कांग्रेसी नेताओ ने बात की तो पता चला के नपा की लापरवाही से गड्ढा कई दिनों से सड़क के बीचों बीच होने के बाद भी उसे सुधारा नही गया ये सब सुनकर कांग्रेसी गुस्सा हुए और तत्काल गड्ढे के पास जमीन पर बैठकर धरना दे दिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जसबीर सिंह छाबड़ा ने मौके पर से सीएमओ को फोन किया लेकिन सीएमओ ने ट्रेनिंग पर होने का कह कर फोन काट दिया फिर बाद में नपा इंजीनियर राकेश बेनल ने पहुंच कर कांग्रेसी नेताओ की बात सुनी और समस्या का तत्काल निराकरण करवाने का आश्वासन दिया और कांग्रेसी नेताओ का धरना समाप्त करवाया। धरने के दौरान कांग्रेसियों ने गड्ढे पर भाजपा का झंडा लगा दिया उनका कहना था की ये सब भाजपा समर्थित नपाध्यक्ष के कार्यकाल में हो रहा है, उक्त गड्ढा नपाध्यक्ष के वार्ड क्रमांक 2 के अंतर्गत आता है ऐसे में अगर अध्यक्ष के वार्ड के ये हालत है तो बाकी शहर की क्या बात करे। धरने के दौरान कांग्रेस नेता जसबीर सिंह छाबड़ा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित कामदार, मनोज सिंह चौहान, बंटी डोड, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष अभिनव बिंजवा, अरविंद नायक रवि योगी, शैलेंद्र भाई, हर्ष सिंधिया, शुभम सादलपुर सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता और आम लोग उपस्थित थे।

## लैंक्सेस उद्योग में कार्यरत संविदा कर्मचारी की मौत

नागदा जं. निप्र। लैंक्सेस इंडिया प्रायवेट लिमिटेड जो कि एक रसायन उत्पादन कंपनी है में सोमवार को एक संविदा कर्मचारी की कार्य के दौरान मौत हो गई। मामले में उद्योग प्रबंधन द्वारा बताया गया है कि संविदा कर्मचारी गोवर्धन पिता रामसिंह उम्र 46 वर्ष दोपहर को भोजन करने के लिए जा रहे थे तभी उन्हें उद्योग परिसर में ही चक्कर आने लगे तथा वह बेहोश हो गए, जिन्हें उपचार के लिए समीपस्थ स्थित इन्दुभाई पारिख मेमोरियल ट्रस्ट अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान संविदा कर्मचारी गोवर्धन को बचाया नहीं जा सका। गौरतलब है कि लैंक्सेस उद्योग में कई प्रकार के रसायनों का उत्पादन किया जाता है तथा यहॉ पर स्थायी एवं अस्थायी रूप से सैकडों कर्मचारी कार्य करते है। मामले में श्रम संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि संविदा श्रमिक को अनुबंध अनुसार हितलाभ दिलाऐ जाऐंगे। संविदा श्रमिक उद्योग में कार्यरत ठेकेदार केरवार के ठेके में कार्यरत होकर डेस्क विभाग में कार्य कर रहा था। **उद्योग प्रबंधन ने रखा अपना पक्ष**-उद्योग में घटित घटना के संबंध में लैंक्सेस के साईट हेड सुनील गुलाटी ने अपने अधिकृत बयान में बताया कि हमें यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमारे एक संविदा कर्मचारी गोवर्धन पिता रामसिंह, उम्र 46 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। वह दोपहर का भोजन करने जा रहे थे, तभी उन्हें साइट परिसर में चक्कर आने लगे और वे बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत साइट के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। उनकी जांच करने के बाद डॉक्टर ने उन्हें जन सेवा अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्भाग्य से श्री गोवर्धन को अस्पताल में बचाया नहीं जा सका और उनकी मृत्यु हो गई। श्री गुलाटी ने बताया कि लैंक्सेस प्रबंधन ने तुरंत अधिकारियों को इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी दी। एक संगठन के रूप में, हम इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हैं। हम मृतक के तत्काल परिवार को हर संभव सहायता सुनिश्चित करेंगे। हमने कर्मचारी के लिए जिम्मेदार ठेकेदार को यह भी सलाह दी है कि वह सुनिश्चित करें कि कानून और उसके अधिकारों के अनुसार उसके परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाए। उद्योग प्रबंधन दुःख की इस घड़ी में परिवार के साथ है तथा उनके समर्थन और एकजुटता का भी अनुरोध किया है।

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

# सभी सीएमओ फिल्ड में जाकर पीएम विश्वकर्मा योजना के हितग्राहियों से मिलकर चर्चा करें- कलेक्टर श्री मिश्रा

**धार - सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के तहत शिकायतकर्ताओं से चर्चाएं कर शिकायतों को संतुष्टिपूर्ण बंद करवाएं। केंद्र सरकार द्वारा संचालित पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत कार्यवाही पूरी करें। नियमानुसार 18 कैटेगरी के पात्र हितग्राहियों को इस योजना का लाभ अवश्य दिलाएं। इसमें दिए गए टारगेट को शीघ्र पूर्ण करें। हफ्ते में दो दिन इस योजना पर फोकस करें। साथ ही अपने स्तर से जनपद पंचायतों से हितग्राहियों का वेरिफिकेशन कराएं। अगले हफ्ते इसे पूर्ण करें। उक्त निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कलेक्टर कार्यालय के सभागार आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक चौधरी सहित समस्त जिला अधिकारी और एसडीएम वर्चुअली शामिल हुए।**



कलेक्टर श्री मिश्रा ने जनपद पंचायत सरदारपुर के सीईओ को बिना किसी सूचना पर अवकाश पर जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा की पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को प्रॉपर आइडेंटी कार्ड उपलब्ध हो। साथ ही इसकी सत्यापन और अनुमोदन की कार्यवाही एक हफ्ते में पूर्ण कराएं। कृषि विभाग और महिला बाल विकास विभाग इसका रेंडमली क्रॉस चेक करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि पीएम विश्वकर्मा योजना में जिले के हथकरघा के साथ ही स्व सहायता समूहों को भी जोड़े। सभी सीएमओ फिल्ड में जाकर रेंडमली चेक करें। हितग्रहियों से मिले, साथ ही उनसे फॉर्म के संबंध में चर्चा भी करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिए की समग्र ई केवायसी की पेंडिंग भी शीघ्र खत्म करें। साथ ही इसमें गति न होने पर जिले के गंधवानी और सरदारपुर विकासखंड को छोड़ सभी सीएमओ नगर पालिका/नगर परिषद और सभी जनपद सीईओ को शोकाज नोटिस जारी करें। जिन अधिकारियों के विभागों की सीएम मोनिट और सीएम हाउस की शिकायतें पेंडिंग है, वे सभी अपनी पेंडिंग पूरी करें। साथ ही आयोग के पत्रों का जवाब न देने पर डीएफओ को अप्रसन्नता पत्र जारी करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों द्वारा मानव अधिकार आयोग के पत्रों का जवाब नही दिए गए उन्हें नोटिस जारी करें। सभी एसडीएम प्रायमरी और मिडिल स्कूलों का लगातार निरीक्षण जारी रखे। साथ ही यहां चल रही नेस की तैयारियां भी देखते रहे। विकासखंड स्तर पर बीएससी और सीएससी का ग्रुप बनाएं। ताकि प्रॉपर जानकारियों के साथ कार्य किया जा सके। साथ ही निरीक्षण के दौरान रजिस्टर में नोट किए गए इनपेक्श्न नोट को गूगल शीट में भी दर्ज कराने की व्यवस्थाएं करें ताकि जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम पर उसकी प्रॉपर जानकारी रहे। ताकि स्कूलों की शेष व्यवस्थाएं भी पूर्ण होगी और बोर्ड सहित अन्य परीक्षाओं के परिणाम की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। इसके अलावा सभी एसडीएम अपने स्तर से भी अलग अलग प्लानिंग कर व्यवस्थाएं कर सकते है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने अनुभाग अंतर्गत स्कूलों में विद्यार्थियों के बन रहे जाति प्रमाण पत्रों का रिव्यू करें। उन्होंने ऊर्जा निगम विभाग और बिजली विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी शासकीय भवनों की छतों का रिव्यू कर वहां सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना करने के निर्देश दिए। इसके लिए ई गर्वनेंस विभाग गुगल फॉर्म बनाकर सभी विभागीय अधिकारियों को जारी कर देवें। ताकि इसकी प्रॉपर जानकारी रहे। उन्होंने सभी सीएमओ को निर्देश दिए की जिले में चल रहे ष्स्वच्छता ही सेवा अभियानष् अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित विभिन्न गतिविधियां आयोजित करें। साथ ही अपने स्वास्थ्य कर्मचारियों और उनके परिवारजनों का स्वास्थ्य परीक्षण आयोजित करे। सभी एसडीएम अपने अनुभाग अंतर्गत इस अभियान का रिव्यू लगातार करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि जो अधिकारी इस बैठक में वर्चुअल रूप से भी मौजूद नही रहे वह अगली मीटिंग्स से जिला मुख्यालय पर मौजूद रहेंगे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने पीएम आवास का रिव्यू कर निर्देश दिए कि प्रदेश में सबसे ज्यादा आवास धार जिले में सेंक्शन किए गए है। सभी संबंधित अधिकारी अभी से ही इसका सत्यापन करते रहे। जहां आबादी घोषित की गई है वहां के इश्यू क्लियर रखें। सभी जिला अधिकारी और एसडीएम आवंटित किए गए जिले के छात्रावासों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे पीएम श्री स्कूलों का निरीक्षण कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें। संबंधित एसडीएम जिले के जो 13 वन ग्राम राजस्व ग्रामों में कन्वर्ट हो रहे है उनका रिव्यू करें। उपायुक्त सहकारिता पैक्स के स्तर से एग्रीकल्चर टर्म लोन वितरण को गति देने हेतु विगत तीन वर्षों से पैक्स के समय पर लेन-देन करने वाले कृषकों को प्राथमिकता के आधार पर उनकी मांग अनुसार एग्रीकल्चर टर्म लोन स्वीकृत/वितरण की कार्यवाही की हर हफ्ते मॉनिटरिंग करें। सभी एसडीएम प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी की अवधि समाप्त होने के पूर्व समस्त स्वीकृत परियोजनाओं के आवासों का निर्माण तथा अन्य लंबित कार्य पूर्ण करने के संबंध में रिव्यू करते रहे।

उत्तर भारत के 8 राज्यों के 200 से अधिक अभिभावक हुए शामिल

## परिवार राष्ट्रीय अभिभावक महासंघ क्षेत्रीय कार्यशाला बनारस हिंदू विश्विद्यालय वाराणसी में संपन्न

नागदा जं. निप्र। राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान सिकंदराबाद, बौद्धिक दिव्यांगजनों के अभिभावकों के संगठनों के राष्ट्रीय महासंघ परिवार एवं वाराणसी की बौद्धिक दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर भारत क्षेत्रीय अभिभावक प्रशिक्षण कार्यशाला बनारस हिन्दू विश्वविध्यालय के प्रो. केएन उडुपा ऑडिटोरियम में संपन्न हुई। कार्यशाला में प्रशिक्षण प्रदान कर वापस लौटे परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पंकज मारू ने बताया कि कार्यशाला में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब तथा जम्मू व कश्मीर के 200 से अधिक अभिभावकों ने शिरकत कर बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को अपने पैरो पर खड़ा करने एवम उनके परिवारों को सशक्त बनाने के विभिन्न उपाय विषय विशेषज्ञों से प्राप्त किए। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता पूर्व मुख्य दिव्यांगजन आयुक्त डॉ. कमलेश कुमार पांडे, मुख्य अतिथि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. एसएन शंखवार, मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश राज्य दिव्यांगजन आयुक्त प्रो. हिमांशु शेखर झा, विशिष्ठ अतिथि राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु संस्थान सिकंदराबाद के निदेशक बीवी राजकुमार, राष्ट्रीय पुनर्वास परिषद के साशी निकाय के सदस्य डॉ योगेश दुबे, सेल्फ एडवोकेट शिवम पांडे और ज्ञानदा मंचासीन थे। समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी भी सम्मिलित हुए एवम परिवार के कार्यों की भूरी- भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकी विषयों पर परिवार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पंकज मारू, डॉ श्रवण रेड्डी, डॉ. तुलसी दास, डॉ. आलोक भुवन, कमांडर श्रीरंग बिजुर, मुकेश गुप्ता तथा माधवी गुप्ता ने अभिभावकों को जानकारियां प्रदान की।

कार्यशाला में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 पर हिंदी में लिखी गई जागरूकता पुस्तिका के विमोचन के साथ अभिभावकों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए समस्याओं का समाधान किया गया। अभिभावकों ने अपने अनुभव साझा किया तथा अनेक महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रदान किये। इस अवसर पर बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रदान की जिन्हे रेड क्रॉस तथा आईएमएस की और से डॉ. संजय राय तथा विजय शाह द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. उत्तम ओझा, डॉ रामाधार जोसेफ, डॉ अजय तिवारी, डॉ मनोज तिवारी, नमिता सिंह, शैलेंद्र मौर्य,चंद्रकला रावत, कमलेश कुमार, श्यामलाल पटेल, घनश्याम पांडे, डॉ जया, राधा सिंह, अनुज धाकड़ एवम चंदन सिंह ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनीता तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन परिवार के राष्ट्रीय महासचिव डॉ सुदीप गोयल ने किया।

## अमनखेड़ी में स्कूली बच्चों को बताया गया हाथ धुलाई का महत्व

खरगोन। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 23 सितंबर को भीकनगांव जनपद की ग्राम पंचायत अमनखेड़ी में स्कूली बच्चों और आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों को हाथ धुलाई का महत्व बताया गया। इस दौरान बच्चों के साबुन से हाथ धुलवाए गए और हाथ धुलने का तरीका बताया गया। बच्चों को बताया गया कि वे अपने घर में माता-पिता, बड़े बहन-भाई एवं बुजुर्गों को भी खाना खाने से पहले एवं शौच से आने के बाद साबुन से हाथ धोने के लिए प्रेरित करें। हाथ धुलने से हम बहुत से बीमारियों के संक्रमण से बच सकते हैं। बीमार होने पर हमें अस्पताल जाकर अपना ईलाज कराना पड़ता है और इस पर बड़ी राषि खर्च हो जाती है। हाथ धुलने की आदत डालने से हम इस अनावष्यक खर्च से बच सकते हैं और यह राषि हमारे किसी और काम आ सकती है।



## धार एवं झाबुआ के बैंक कर्मचारियों की कार्यशाला सम्पन्न

**धार - जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित धार एवं झाबुआ के समस्त शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए गबन धोखाधडी की रोकथाम और बैंकिंग नियमों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रविवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित धार के सभागृह में आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारम्भ सर्वप्रथम मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलित कर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विशेष कतव्य अधिकारी अपेक्स बैंक भोपाल आर.के. गंगले, संनदी लेखाकर अमोल रांगणेकर एवं उपायुक्त सहकारिता एवं बैंक प्रशासक वर्षा श्रीवास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.के रायकवार उपस्थित थे।**

कार्यशाला में श्री रांगणेकर द्वारा उपस्थिति समस्त कर्मचारियों को धनशोधन निवारण, बैंक सीटीआर, इनकम टेक्स, जी.एस.टी, टैक्स ऑडिट एसटीआर, एसएफटी रिर्पोटिंग और साईबर सुरक्षा पर आयकर के विभिन्न प्रावधानों का बैंक पर प्रभाव के संबंध में जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया। प्रमुख प्रशिक्षक श्री गंगले द्वारा अधिकारी/कर्मचारियों को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों की शाखाओं में गबन धोखाधड़ी के शुरूवाती लक्षण और रोकथाम, केवाईसी, एएलएम, पीएलएम निरंतर रिपोर्ट समीक्षा और शाखा में कार्यरत कर्मचारियो पर बारिकी से निगरानी, बैंक की समस्त शाखाओं, मुख्यालय में पदस्थ टीसीएस, एल-01 इंजीनियर तथा संविदा, आउटसॉस एवं उनके परिवारजनों के सेविंग खातों, एफडीआर खातों का प्रिंट आउट निकालकर एक प्रविष्टि की जॉच किये जाने के बारे में एवं सीबीएस वातारण में धोखाधड़ी की रोकथाम पर महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। उपायुक्त सहकारिता एवं बैंक प्रशासक सुश्री श्रीवास द्वारा उक्त कार्यशाल में उपस्थिति धार एवं झाबुआ बैक में पदस्थ कर्मचारियो को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों की शाखाओं, समितियों में हो रहे गबन धोखाधड़ी के शुरूवाती लक्षण और रोकथाम के लिये अवगत कराया गया। अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री रायकवार द्वार अधिकारी/कर्मचारियों का आभार प्रदर्शित करते हुये उक्त प्रशिक्षण में दी गई महत्वपूर्ण जानकारियों को प्राथमिकता के आधार पर किये जाने हेतु अवगत कराया गया एवं बैंक द्वारा उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं एवं धार एवं झाबुआ बैंक से समस्त बैंक कर्मचारी स्टाफ की नियमित एवं अनुशासित उपस्थिति के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया गया । उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थापना अधिकारी श्रीमती ममता शुक्ला, विपणन अधिकारी श्री सोरभ समकारिया, लेखा कक्ष प्रभारी श्री विकास लाड, योजना विकास कक्ष प्रभारी श्री अंकित परमार, स्थापना कक्ष श्री उज्जवल वर्मा एवं मुख्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विलुप्त न हो संजा पर्व की परंपरा इसलिए छोटी बालिकाओं को सीखाया जा रहा

सनावद। निमाड में श्राद्ध पक्ष में 16 दिन तक मनाए जाने वाला संजा माता पर्व अब मोबाइल और कम्प्यूटर के आधुनिक युग मे लगभग लुप्त होता जा रहा है। शहर में सीमेंट की इमारतें और दीवारों पर महंगे पेंट पुते होने, गोबर का अभाव, लड़कियों के ज्यादा संख्या में एक जगह न हो पाने की वजह, टीवी, इंटरनेट का प्रभाव और पढ़ाई पर ज़ोर की वजह से शहरों में संजा मनाने का चलन खत्म सा हो गया है। परन्तु ग्रामीण क्षेत्र में यह परंपरा आज भी जीवित है। ग्राम बैड़िया की रहने वाली श्रीमती आरती वाघे ने बताया कि दम तोडती संस्कृति को पुनर्जीवित करती बालपीढी, जो अपनी जड़ों की ओर धीरे धीरे लौट रही है। ग्राम में अपनी एवं अन्य छोटी-छोटी बालिकाओं को लोकपर्व संजा पर्व का महत्व बताया ताकि वे पर्व को लेकर जागरूक हो सके। उन्होंने यह पर्व अपनी माँ से सीखा था जो वह इन सभी बालिकाओं को सीखा रही है । उन्होंने उसने अपने घर की छत पर दीवार पर गाय के गोबर से अलग-अलग प्रकार की संजा की आकृतियां बनवाकर संजा माता के रुप में पूजन करवाया। बालिकाओं ने कहे अनुसार गोबर से संजा की बड़ी आकृति बनाई शाम को संजा माता की आरती कर संजा बाई के गीत संजा माता जीम ले चूठले,



जीमाऊं सारी रात, हाथी हथनी को घोड़ा घोड़ी से बांधवों में तो नही जाऊ दादाजी ससुराल जैसे गीत गाए । बहनों ने अपनी छोटी बहनों को पर्व का महत्व बताते हुए कहा की संजा माता को माता पार्वती का रूप माना जाता है । इस पर्व में बारिश के दिनों में गोबर से दीवारों पर संजा माता बनाने से मच्छर घरों में प्रवेश नहीं करते हैं। इससे बीमारियां भी दूर रहती है। संजा माता का विसर्जन अमावस्या तिथि पर नदी में किया जाता है। संजा फूली की परंपरा को संजोए रखने हेतु छोटी छोटी बालिकाओं निष्ठा, नैना, दीक्षा, मोरनी, अनुष्का, नंदिनी, पायल को पर्व की जानकारी दी। लेकिन कई जगह यह परंपरा लुप्त होती जा रही है तो कही कही आज भी इसका चलन देखकर संस्कृति के जीवित होने का सुख मिलता है। शहरों में भी कुछ परिवार अब भी इस लोकपर्व को जीवित रखे हुए है। हालांकि शहरों में अब गोबर की जगह संजा का रूप फूल-पत्तियों से कागज में तब्दील होता जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में दीवारों पर अब भी गोबर से चांद, सितारे, सूर्य व कई प्रकार की आकृतियां बनाई जाती है। इन्हें रंग बिरंगे फूलों से सजाया जाता है। लेकिन शहरों में गोबर से दीवारों पर आकृतियां बनाने का चलन धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है ।

## गोगावां एफ्पीओ की वार्षिक किसान आम सभा का हुआ आयोजन

खरगोन। गोगावां एफ्पीओ की वार्षिक किसान आम सभा का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री आकाष सिंह, एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के प्रमुख, नाबार्ड के जिला प्रमुख, जिला हॉर्टिकल्चर प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख, प्रगतिशील किसान संतोष पाटीदार यूपीएल और नजदीकी 50 ग्राम के ग्राम सेवक शामिल हुए। इसके अलावा पूरे क्षेत्र से करीबन 500 किसानों की उपस्थिति रही। सभा की शुरुआत सभी अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इसके पष्चात गोगावां एफ्पीओ के संस्थापक श्री मोहन सिंह सिसोदिया ने किसानों की मेहनत की सराहना की और पिछले वर्ष की उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण दिया। इस अवसर पर महत्वपूर्ण घोषणाए की गई और बताया कि किसानों को 100 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा। साथ ही साथ एफ्पीओ के प्रत्येक किसान को 02 लाख रुपये का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस कवर भी दिया जाएगा। कार्यक्रम में किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों पर शिक्षित करने के लिए विशेष सत्र भी आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख ने डिजिटल टेक्नोलॉजी, सस्टेनेबल एग्रीकल्चर और इको-फ्रेंडली पद्धतियों पर जानकारी साझा की गई। सभी उपस्थित किसान और ग्राम सेवक इस सफल आयोजन से प्रेरित होकर अपने-अपने क्षेत्रों में नई कृषि पद्धतियों एवं तकनीकों को अपनाने के लिए संकल्पित हुए। जिला पंचायत सीईओ श्री आकाश सिंह ने अपने संबोधन में किसानों की एकजुटता और एफ्पीओ की ओर इशारा करते हुए बताया कि यही कृषि का भविष्य है। उन्होंने गोगांवा एफ्पीओ की पूरी टीम की निरंतरता और मेहनत को बहुत सराहा।

## बर्लिन ने 50 मिलियन प्लस वॉच का रिकॉर्ड बनाया!



## अहमदनगर की लड़की बड़े पर्दे पर



## आयुषी ने साझा की गणपति मूर्ति की दिव्य कहानी



## खुद को बदलने की क्षमता रखनी चाहिए



## ज़रीन खान का लेटेस्ट पुल-अप वर्कआउट



## अरिजीत सिंह और एड शीरन की जोड़ी को जमकर सराहा

## श्रीमद् रामायण लेकर आया है अनजानी कहानियां



### सिंदूरी हनुमान: भक्ति और निस्वार्थता की कहानी

### छठ पूजा की उत्पत्ति

### हनुमान ने अपनी छाती फाड़कर अपने हृदय में भगवान राम और माँ सीता को प्रकट किया

## रितिक को पसंद आया सिद्धांत का डांस!



## समाज और टीवी एक दूसरे को आकार देते हैं



## अभिनय सिखाया नहीं जा सकता : सुजाता मेहता



## जटिल किरदार निभा रहे हैं सैनी



## वैकल्पिक सिनेमा में दिलचस्पी रही है



## ज़ोहेब अशरफ ने ली पिता से प्रेरणा!



## दर्शन की उत्पत्ति

मुखिया जी ने चौपाल के खबरी पटवारी लाल से पूछा- पटवारी इन दिनों चटक खबर चौपाल में नहीं पहुंचा रहे हो? मैं इन दिनों जीभ काटो दर्शन पर रिसर्च कर रहा हूं। रिसर्च करने में काफी मेहनत करनी पड़ती है। जगह-जाकर लोगों के विचार लेना पड़ता है। उनके उल्टी सीधी बातों का विश्लेषण कर तथ्य तक पहुंचना होता है। मुखिया जी- इसीलिए चौपाल में नहीं आ रहा था । चटक खबर सुना ने में इसी लिए विलंब हो गया है । जीभ काटो दर्शन का जहां तक हमने रिसर्च किया है उसे चौपाल में सुना उहोगा । प्रचार शुरू कर दें।

प्रचार में लोग लग गए। ढोल -नगाड़ा बजाने लगा। गली -गली मोहल्ले मोहल्ले प्रचार शुरू हो गया। हल्कारा जोर-जोर से चिला-चिला कर प्रचार करना चालू कर दिया। चौपाल मैदान में सभी चौपाल प्रेमी पहुंचे। पटवारी लाल का प्रवचन है जीव काटने का दर्शन मुखिया जी मंच पर पहुंच गए हैं। प्रचार का भोपू बज रहा है। लोग इकट्ठा होना चालू हो गए हैं । देखते -देखते मैदान खचाखच भर गया। मुखिया जी ने- घोंचू दास से पूछा, पटवारी अब तक पटवारी नहीं आया? घोंचू दास इधर-उधर मंडी हिलाते हुए कहा-पटवारी मैदान में घुस रहा है! वह देखते- देखते दौड़कर मंच पर चढ़ गयाऔर प्रवचन देना चालू कर दिया। सभी उपस्थित जनों को नमस्कार! करते हुए पटवारी ने कहा-विषय है-जीभ काटो दर्शन हैं।

एक जन ने उठकर कहा- यह विषय तो लात खाने वाला विषय है? यही तो समझने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं । नई-नई खोज की प्रक्रिया से दर्शन की उत्पत्ति हुई है । आदिकाल से यह प्रक्रिया चल रही है। चार वेदों की उत्पत्ति खोज की प्रक्रिया से ही संभव हुआ है। कहने का मतलब है कि छोटे बड़े सामाजिक चिंतकों ने अपने दर्शन को समाज के समक्ष प्रस्तुत किए हैं वह इस प्रकार है- मार्क्सवादी दर्शन; भौतिकवादी दर्शन, गांधीवादी दर्शन यादि दर्शन है । उपरोक्त सभी दर्शन समाज विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते आ रहा हैं । यह है दर्शन के उत्पत्ति का आधार ! लोकतांत्रिक व्यवस्था में गांधीवादी दर्शन का प्रभाव न केवल भारत में बल्कि के इस दर्शन का प्रभाव आज भी दुनिया में है।

आजकल अपने देश में कुछ खास लोग दर्शन की खोज में लगे हैं। वह दर्शन है -आतंकवादी दर्शन अर्बन दर्शन झूठ वादी दर्शन ;जीव दागो दर्शन इन्ही दार्शनिकों के बीच एक नया खोज है जीव काटो दर्शन का भी है। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है। जिस दर्शन की मान्यता समाज दे देता है उसी दर्शन की मान्यता मिलती है। सत्ताधारी दल अपनी गदी सुरक्षित रखने के लिए किस दर्शन का प्रयोग करती है? तथा जनता किसको मान्यता देती है ? पटवारी यह नहीं कह सकता है। चुकीक्षक्ष मुंह खोलने पर बहुत बड़ा खतरा है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या के पीछे किसी दर्शन का प्रभाव रहा है। लोग ऐसा कहते हैं। मैं नहीं कहता हूं । इस कथन में सच्चाई क्या है यह तो शोध का विषय है ?

भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। लेकिन इन दोनों लोकतंत्र की प्रतिष्ठा तारतार होती दिख रही है ।

अगर सत्ता पक्ष के विरोध किसी नेता की प्रतिष्ठा बढ़ती नजर आती है तो उसके चरित्र हनन का अभियान चालू कर दिया जाता है। इसके लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। यह अपने लोकतंत्र में देखा जा रहा है जो चिंता का विषय है। फिर भी वह विरोध पक्ष का नेता जनता में लोकप्रिय होता है तो उसकी जीभ काट देने की घोषणा कर दी जाती है। इस घोषणा के पीछे कुछ खास लोगों का हाथ होता है जो लोकतंत्र के शीर्ष कुर्सी पर बैठे होते हैं। इस बात को खाने में मुझे संकोच नहीं है। अगर नहीं तो वैसे लोगों पर अंकुश क्यों नहीं लगाया जाता है? यह लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है? लेकिन जनता सचेत हैं । झूठ और सच की पहचान जनता कर रही है और चुनाव में वैसे लोगों की खटिया खड़ी होने का संकेत भी दे रही है!

**अरविंद विद्रोही**
**बिरसानगर जंग नंबर 2 रोड नंबर 2 जमशेदपुर 19**
**मोबाइल 878971 8130**

# हरियाणा की चुनावी चौसर में पासों की फेंक और कौड़ियों की मार



हरियाणा विधानसभा चुनाव में मतदान की तिथि नजदीक आते आते स्थानीय स्तर पर चुनाव प्रचार प्रारंभ हो गया है। सभी दलों ने अपने अपने प्रत्याशी फाइनल कर दिये हैं। जिन्हें गठबंधन करना था वो कर चुके। जिन्हें रूठना था वे रूठ कर घर बैठ गये। प्यादे और वज़ीर वोटों की जंग में उतर गये हैं। पर एक बात जो हैरत में डाल रही है कि इस चुनाव में दोनों ही शीर्ष राष्टीय दलों के शीर्षस्थ नेताओं की अनुपस्थिति।

अभी तक की जो परंपरा रही है उसमें प्रत्याशी घोषित हो जाने के साथ साथ ही भारतीय जनता पार्टी के सर्वोच्च कमांडर और वोट कैचर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैलियां प्रारंभ हो जाती थीं और उस कारण से चुनावी प्रदेश में एक माहौल बनने लगता था जिसमें मीडिया, नेता, चुनावी विश्लेषक तथा मतदाता अपने अपने निष्कर्ष निकालने लग जाते थे तथा प्रत्याशियों को भी जोश आने लग जाता था। इस बार अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। नरेंद्र मोदी की केवल कुरूक्षेत्र में एक रैली हुई ?है और सारा दारोमदार मुख्यमंत्री नवाब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर पर आ गया है। ये दोनों ही सभा कर रहे हैं जिसमें मुख्यमंत्री सैनी तो अपनी ही सीट पर फंसे होने के कारण ज्यादा बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

अमित शाह और नड्डा अपनी ज्यादातर सभाएं जम्मू क्षेत्र में कर रहे हैं। हरियाणा भाजपा के दो बड़े नेता राव इंद्रजीत सिंह और रामविलास शर्मा इस बार अपनी नाराज़गी के कारण चुनावी परिदृश्य से ग़ायब हैं जिसमें भी शर्मा तो टिकट नहीं मिलने से ख़फ़ा होकर निर्दलीय उतर रहे हैं। राव इंद्रजीत की नाराज़गी भाजपा को अहिरवाल क्षेत्र की सोलह सीटों पर भारी पड़ सकती है। भाजपा के साथ एक बड़ी दिक़्क़त यह है कि उसके पास हरियाणा की एक बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले जाट समाज से कोई सशक्त नेता नहीं है और ना ही अनुसूचित जाति से कोई बड़ा नेता उसके पास है। वह चौटाला बंधुओं के दलों द्वारा जाटों में और मायावती, चंद्रशेखर के दलों द्वारा [illegible] अनुसूचित जाति के वोटरों में संभावित सेंध लगाने की आशा में ही अपनी चुनावी विजय की संभावना देख रही है। जहां तक जमीनी हकीकत की बात है तो दस वर्षों के शासन के कारण मतदाता में भाजपा के विरुद्ध एक असंतोष की भावना पनप गयी है जो भाजपा के लिए चिंता का सबब है।

अब सवाल यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चेहरा सामने रखकर और उनके द्वारा चुनाव प्रचार करवा कर जीतने का पिछले दस वर्षों का सफ़ल फार्मूला इस बार हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में क्यों नहीं अपनाया जा रहा है? इसका सीधा और सरल उत्तर है पिछले विधानसभा चुनावों में कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश तथा इस लोकसभा चुनाव में उत्तरप्रदेश एवं महाराष्ट्र में इस फार्मूले का विफल हो जाना। यदि हरियाणा में भी भाजपा ऐसा करके भी परास्त हो जाती है तो फ़िर मोदी की लोकप्रियता और वोट कैचर की उनकी भूमिका पर संदेह के बादल घिर आयेंगे और इस कारण से पार्टी,संघ तथा सरकार पर उनकी पकड़ शिथिल हो जाने की आशंकाएं उत्पन्न हो सकती हैं। यही मुख्य कारण हैं जिसकी वज़ह से भाजपा के रणनीतिकार प्रधानमंत्री मोदी को इस बार के चुनावी अभियान में आगे नहीं रख रहे हैं।

अब बात की जाये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की। कांग्रेस भी हरियाणा में अपने अंतर्कलह से जूझ रही है और इस कलह के मुख्य पात्र हैं भूपेंद्र हुड्डा, शैलजा और सुरजेवाला। तीनों की ही मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा रही हैं और इस बार उन्हें अवसर मजबूत लग रहा है। इसी वजह से शैलजा और सुरजेवाला अपनी सांसदी छोड़ कर विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते थे जिसे हाईकमान ने नहीं माना। शैलजा टिकट वितरण में भी एक बड़ा हिस्सा चाह रही थी जिसे भूपेंद्र हुड्डा ने नाकाम करवा दिया जिसके फलस्वरूप शैलजा खेमे को कुल जमा 8-9 टिकटों से संतोष करना पड़ा। एक बड़ा हिस्सा भूपेंद्र हुड्डा अपने समर्थकों को दिलवाने में कामयाब हो गये और नाराज शैलजा जो कांग्रेस में हरियाणा की अनुसूचित जाति का एक बहुत बड़ा चेहरा है, इस चुनाव में उदासीन होकर अभी तक प्रचार में नहीं उतरी हैं । यदि समय रहते कांग्रेस ने मामले को नहीं सुलझाया तो प्रदेश का एक बहुत बड़ा मतदाता वर्ग उससे छिटक कर मायावती खेमे के पास जा सकता है।

हरियाणा में चौधरी देवीलाल के कुनबे के दो दल भी ओमप्रकाश चौटाला और दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं और निश्चित रूप से कांग्रेस के वोट प्रमुख रूप से काटेंगे। चौटाला और मायावती का गठबंधन और दुष्यंत चौटाला के दल का चुनाव मैदान में उतरना राजनैतिक विशेषज्ञों की राय में भाजपा की ही चुनावी चौसर है। भाजपा यह भलीभांति जानती है कि जाट एवं अनुसूचित जाति का मतदाता उससे बहुत ज्यादा खुश नहीं है। उत्तरप्रदेश में लोकसभा चुनाव में उसे इसका अनुभव हो चुका है। यदि इन दोनों वर्गों के मतदाताओं का एक हिस्सा कांग्रेस से कट कर गैर-भाजपा दलों में भी चला जाये तो फायदा भाजपा को ही होगा। गैर जाट ओबीसी , सवर्ण तथा पंजाबी - सिख मतदाता अभी भी भाजपा के साथ ही मज़बूती से खड़ा है। स्वयं मुख्यमंत्री के अपने सैनी समाज के हरियाणा में बहुत मतदाता हैं। हां राव इंद्रजीत सिंह की अनदेखी के कारण यादव समाज में कुछ नाराजगी है जिसे भाजपा के लोग संभाल लेंगे।

कांग्रेस को कुमारी शैलजा और चौधरी वीरेंद्र सिंह को संतुष्ट करके उन्हें सक्रिय प्रचार अभियान में उतारना होगा तथा चुनाव को जाट बनाम गैर जाट बनने से रोकना ही होगा। इसके साथ ही उसे भूपेंद्र हुड्डा की मनमानियों पर भी नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। पिछले दो चुनाव कांग्रेस केवल भूपेंद्र हुड्डा के एकला चलो नीति के कारण ही हारी है। अभी के जो हालात दिखाई दे रहे हैं उसमें सोनीपत,रोहतक, भिवानी, हिसार आदि जाट बेल्ट और मेवात में कांग्रेस की स्थिति मजबूत है वहीं पंजाब, राजस्थान से लगते क्षेत्रों में भाजपा मजबूत स्थिति में लगती है।

हरियाणा के चुनावों का जब भी विश्लेषण किया जाता है तो उसमें निर्दलीय प्रत्याशियों की भूमिका को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। अभी के चुनावों में भी बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशी लगभग सभी विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ रहे हैं जिसमें एक बड़ी तादाद अपने अपने दल से टिकट नहीं मिलने से निराश लोगों की है। इन्हीं में से एक अच्छी संख्या बेहद मजबूत और क्षेत्र में प्रभावी लोगों की भी है जो यदि जीत गये तो सरकार गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जायेंगे। अभी के आकलन के अनुसार दस से पंद्रह ऐसे निर्दलीय प्रत्याशी हैं जो विजयी हो सकते हैं। यद नब्बे की संख्या वाली विधानसभा में इतने निर्दलीय विधायक आ जाते हैं तो निश्चित रूप से हंग असेंबली की संभावना बढ़ जाती हैं और आयाराम गयाराम का खेल शुरू हो जायेगा जिसके लिए हरियाणा पहले से ही प्रसिद्ध है।

**अरविंद कुमारसंभव**
**लेखक - राजनैतिक विश्लेषक तथा स्वतंत्र टिप्पणीकार है।**



# मप्र भाजपा ने एक दिन में बनाए 10 लाख से अधिक सदस्य

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा बोले सदस्यता अभियान में मप्र रिकॉर्ड बनाएगा

इंदौर। भाजपा का देशभर में सदस्यता अभियान चल रहा है। मध्य प्रदेश भाजपा ने इस बार डेढ़ करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है। मध्य प्रदेश में भाजपा का नए सदस्यों को जोडने का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में रविवार को प्रदेश में 24 घंटे में 10 लाख से अधिक सदस्य बनाए गए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बताया कि पार्टी के मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल देकर लोगों ने सदस्यता प्राप्त की है।



इसके साथ ही 7.50 लाख से अधिक लोगों ने अपने फॉर्म जमा किए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने मध्यप्रदेश भाजपा की इस बड़ी कामयाबी पर समस्त कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने प्रदेश भाजपा टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह पार्टी की जमीनी पकड़ को और अधिक मजबूत बनाएगा।

### युवा मोर्चा ने जोड़े रिकॉर्ड युवा

अभियान के तहत भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने सदस्यता अभियान को पूरे प्रदेश में जोर-शोर से चलाया, जिससे पार्टी को बड़ी सफलता मिली। यह अभियान 3 सितंबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुरू किया गया था और इसके बाद से यह लगातार जारी है। भाजपा युवा मोर्चा ने भी अभियान में रिकॉर्ड युवाओं को जोड़ा है। युवाओं के लिए दोन दिन विशेष अभियान चलाया गया था।

### अब तक 72 लाख सदस्य बनें

भाजपा के अब तक प्रदेश में 72 लाख से अधिक सदस्य बने चुके है। 67 लाख लोगों ने सदस्यता के लिए फॉर्म भरें है। पार्टी की योजना आगामी दिनों में इस संख्या को

# थाली की महंगाई आम आदमी के लिए परेशानी

इंदौर। सब्जियों के दामों लगातार तेजी बनी हुई है, वही लहसुन-प्याज और आलू भी आम आदमी की पहुंच से बाहर है, थोक में आलू 25 रुपए तो प्याज 1 महीने में ही दुगने भाव होकर 45 रुपए किलो पहुंच गया है। प्याज 60 रूपए पार खेरची में पहुंचने से उपभोक्ता की जेब पर भार बढ रहा है।

स्कूल शुरू होने के साथ भी गृहणियों को बच्चों के लिए टिफिन देने की मशक्कत भी शुरू होती है इस बार महंगी सब्जी और खासकर आलू के दाम भी लगातार खेरची में 30 रूपए या इससे ज्यादा होने से बजट से बाहर चल रहा है। आम आदमी के लिए थाली ने बजट बिगाड़ दिया है, महंगी सब्जियां उसके ऊपर आलू-प्याज और लहसुन के दाम भी बजट को बिगाड़ रहे है।

### नासिक से आ रहा धनिया-मेथी..

श्राद्ध पक्ष चल रहा है, इन दोनों सब्जियों का उपयोग ज्यादा होता है, वही 3 सप्ताह पहले की बारिश से सब्जियों के पौधे खराब हुए हैं। सीमित आवक होने से से दामों में तेजी है वहीं धनिया और मेथी नासिक से आ रहे हैं, तो भाव सुनकर लोग आश्चर्य कर रहे हैं। आज मंडी में मेथी 150 रुपए किलो ,हरा धनिया 150 रुपए किलो, करेला 22 से 25 रूपए, सुरजना फली 35 से 40 रूपए किलो, गिलकी 35 से 50 रूपए, टमाटर 30 से 40 रूपए बिक रहे है।

## कटाक्ष

### वोट को भटक रहे हैं

आसमां से गिर वे खजूर में अटक रहे हैं।
एक - एक वोट को जो दर - दर भटक रहे हैं।

उनके वादों पर कैसे कोई यक़ीन करे -
वादे तो हवा में तिनकों - से लटक रहे हैं।

घर होता तो वे घर पर कुछ वक़्त गुज़ारते -
दिन में जो चेन्नई, रात में कटक रहे हैं।

दूब चाहकर भी कभी बरगद बन नहीं सकती -
बरगद अब दूब को तिनकों - से खटक रहे हैं।

विषपायी तो सदैव नीलकंठ ही रहेंगे -
वे अनादि काल से अब तक विष गटक रहे हैं।

**अशोक आनन**
**मक्सी**

## कार्टून कोना..........




# महाराष्ट्र विधानसभा के साथ घोषित होंगे बुधनी और विजयपुर उपचुनाव

इंदौर। प्रदेश में सीहोर जिले की बुधनी और श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के साथ हो सकती है। चुनाव आयोग राज्य की दोनों सीटों पर निर्वाचन की पूरी तैयारी कर चुका है। इसी महीने के आखिरी या अक्टूबर के शुरू में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के साथ ही मप्र की दोनों सीटों पर उपचुनाव का ऐलान हो सकता है। राजनीतिक दलों ने भी उपचुनाव की तैयारी कर ली है। दोनों दलों के नेताओं के लगातार दौरे हो रहे हैं।

पिछली साल दिसंबर में हुए विधानसभा चुनाव में बुधनी सीट से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जीते थे। लोकसभा चुनाव में विदिशा से सांसद चुने जाने और फिर केंद्रीय मंत्री बनने के बाद शिवराज ने बुधनी सीट से इस्तीफा दे दिया था। इसी तरह विधानसभा चुनाव में विजयपुर सीट कांग्रेस के टिकट पर रामनिवास रावत ने जीती थी।

लोकसभा चुनाव के दौरान रावत कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। जुलाई में उन्होंने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही विधायकी से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में इन दोनों सीटों पर एक साथ चुनाव कराए जाने की संभावना है। चुनाव आयोग इसकी पूरी तैयारी कर चुकी का है। मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखबीर सिंह ने बताया कि उपचुनाव की घोषणा होते ही दोनों विधानसभा क्षेत्रों में आचार संहिता लागू हो जाएगी।

## निर्मला सप्रे सदस्यता 5 अक्टूबर से पहले होना है फैसला

सागर जिले के बीना से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे भी भाजपा में शामिल हो चुकी हैं। लेकिन उन्होंने अभी तक विधायकी से इस्तीफा नहीं दिया है। कांग्रेस विधायक दल दलबदल कानून के तहत उनकी सदस्तया निरस्त करने के लिए 5 जुलाई को विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के समक्ष याचिका पेश कर चुके हैं।

# परिवहन विभाग में नई कंपनी देगी सर्विस घट सकती हैं लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन फीस

## आज कैबिनेट में आएगा निकी के जरिए सेवाएं लेने का प्रस्ताव

इंदौर। प्रदेश में पिछले 11 साल से परिवहन विभाग में लाइसेंस और वाहनों का रजिस्ट्रेशन का काम देख रही स्मार्ट चिप कंपनी 30 सितंबर से काम बंद कर देगी। 1 अक्टूबर से काम प्रभावित न हो ऐसी स्थिति में परिवहन विभाग आनन-फानन में ने भारत सरकार के उपक्रम निकी (एनआईसी चैट इंटरफेस) से सेवाएं लेने का प्रस्ताव कैबिनेट में ला रहा है। संभवत- मंगलवार के कैबिनेट में निकी की सेवाएं लेने के प्रस्ताव को मंजूरी भी मिल सकती है।



इसके बाद निकी में इम्पैनल कंपनी को परिवहन विभाग का काम मिलेगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार 'रोजमेर्टा सैफ्टी प्रा लिमिटेड' निकी के जरिए परिवहन विभाग में काम लेने में सफल हो सकती है। निकी के काम लेने के बाद मप्र में लाइसेंस एवं पंजीयन शुल्क में कमी हो सकती है। परिवहन आयुक्त ने निकी की सेवाएं लेने का जो प्रस्ताव भेजा है। उसमें वाहन पंजीयन कार्ड का शुल्क 28 रुपए और लाइसेंस कार्ड का शुल्क 47 रुपए है। जबकि मौजूदा स्मार्ट चिप कंपनी इस काम के 3.06 रुपए और 111 रुपए ले रही है। हालांकि परिवहन मुख्यालय ने पिछले महीने 'रोजमेर्टा सैफ्टी प्रा लिमिटेड' को बिना टेंडर के ही काम देने का प्रस्ताव भेजा था। जिसे विभाग ने खारिज कर दिया। इसके बाद समय की कमी बताकर आनन-फानन में निकी की सेवाएं लेने का प्रस्ताव लाया जा रहा है। हालांकि पिछले साल शिवराज कैबिनेट ने सितंबर 2023 में परिवहन विभाग में सेवाएं देने के लिए नई कंपनी के चयन के लिए टेंडर जारी करने का फैसला किया था। जिसके बाद पविहन आयुक्त ने टेंडर जारी किया। जिसमें दो कंपनियों ने भाग लिया। इस टेंडर को परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने जून 2024 में टेंडर को निरस्त कर दिया। जिसके बाद परिवहन विभाग ने 30 अगस्त 2024 को टेंडर निरस्त करने का प्रशासनिक कारण बताते हुए आदेश जारी कर दिया है। इसी बीच परिवहन विभाग में सेवाएं दे रही स्मार्ट चिप कंपनी ने 30 सितंबर से काम बंद करने का लिखित पत्र विभाग को दे दिया है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com